CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 8 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

पेज 2



भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

खेल टाइम्स



प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर

सम्पादकीय



ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए अमेरिका में नियुक्तियां ठप

पेज 12

## हॉकी में भारत का 'चौका', एशिया कप पर कब्जा

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया।



**साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल में हराया हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालिफाई**

साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया। टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

## पोक्सो में बच्ची की गवाही ही काफी, HC का बड़ा फैसला

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि बरकरार रखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक शख्स को 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है।



**कोर्ट ने कहा: पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है**

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस मामले में दोषी करार दिए गए टोनी नाम के शख्स की याचिका 3 सितम्बर को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है'। प्राथमिकी के मुताबिक दोषी शख्स टोनी फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था। ये दुकान बच्ची के स्कूल के पास थी। इस दौरान टोनी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीजों का लालच दिया और उसे बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही आरोपी टोनी ने बच्ची को डराने के लिए धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वो उसकी जान ले लेगा। आरोपी ने कहा कि वो उसे नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। इन धमकियों की वजह से बच्ची चुप रही। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची की स्कूल की टीचर ने उससे पूछताछ की और बच्ची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद टीचर ने बच्ची की मां को पूरी बात बताई जिसके कारण पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा। साथ ही आरोपी शख्स जिरह के दौरान पीड़िता की गवाही को झुठला नहीं सका। कोर्ट ने माना कि बच्ची के बायन में सच्चाई है, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी टोनी की 2 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा।

### अखिलेश के बाद सिद्धारमैया का कटा चालान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वाहन ने इस साल 7 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। इसको लेकर उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर सीट बेल्ट न पहनने के कारण आए हैं। इसके लिए सिद्धारमैया पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों ने इन उल्लंघनों को रिकॉर्ड किया है। खास बात ये है कि सभी चालान पिछले 9 महीने के हैं। मुख्यमंत्री पर कुल 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने अदा कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सरकारी गाड़ियों की ओवरस्पीडिंग का 8 लाख रुपये का चालान आया है। इस मामले में सपा चीफ ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सपा चीफ ने कहा कि हम तो राजनीतिक पार्टी के खाते से चालान भर देंगे लेकिन गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे?

### 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। अमित हांसदा झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था और माओवादी संगठन में उसकी पैठ काफी मजबूत मानी जाती थी।

### अशोक स्तंभ को लेकर कश्मीर में मचा बवाल

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह में लगे अशोक चिन्ह को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 25 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह घटना जुमे की नमाज के बाद सामने आई थी, जिसके बाद इलाके में विवाद और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो की जांच के आधार पर इन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 'जीरो' नहीं होगा

### घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नेशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है।

मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं, जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थायी पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।




**मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर किया जा रहा विचार**

**वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल**

**मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप**

### पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितम्बर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

**10 सितम्बर को दिल्ली में ईसी की मीटिंग, साल के आखिरी में शुरू हो सकती है वेरिफिकेशन प्रक्रिया**

## हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा लोगों की मौत

### पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।

पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितम्बर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। हिमाचल के सिरमौर के नौहराधार में शनिवार को पूरा पहाड़ नदी में आ गया। हालांकि, जहां लैंडस्लाइड हुई वहां कोई बस्ती नहीं थी। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और मप्र-बिहार समेत 20 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात में विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वडोदरा में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जम्मू-पठानकोट हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए सेना जुटी है। पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के इटावा में चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं। हरियाणा में बहादुरगढ़ के के गांव लोहारहेड़ी में 2 मुख्य गालियों में पानी भर गया है। यहां एक से 2 फीट तक पानी जमा है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादा बारिश बरसने और निकाली नहीं होने के कारण गांव के दादा पूल्हा और हरियाला वाला तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। इसके कारण गलियों में पानी भरने लगा है। यहां सड़क पर मछलियां तैर रही हैं। लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा (एसवीडीके) और संगलदान (एसजीडीएन) के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है।



**हिमाचल प्रदेश में 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, पीएम मोदी नौ सितम्बर को पंजाब जाएंगे**

## ED ने सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया

### 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी सपना भी आरोपी

कोलकाता, वार्ता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं। ईडी ने सुब्रत राय की पत्नी सपना राय को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं। हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में खासतौर पर अनिल अब्राहम और जेपी वर्मा की भूमिका रेखांकित की गई है। अब्राहम सहारा के चेयरमैन कोर मैनेजमेंट (सीसीएम) ऑफिस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। बड़े फैसलों व संपत्ति सौदों में केंद्रीय भूमिका निभाते थे। वर्मा को ईडी ने 'लॉन्ग-टाइम एसोसिएट' और प्रॉपर्टी ब्रोकर बताया है। आरोप है कि वह जमीनी स्तर पर नकद लेन-देन और गुप्त सौदे रूट कराने में अहम भूमिका निभाते थे। ईडी का दावा है कि दोनों ने सहारा की संपत्तियों की बिक्री कराई, नकदी को इधर-उधर किया और सियासी व कारोबारी नेटवर्क का इस्तेमाल कर इन्हें वैध दिखाने की कोशिश की।

**अनिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल**



## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले संसद भवन में विपक्षी दलों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन की नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें सभी नेताओं से आग्रह किया जाएगा कि सभी दल सुनिश्चित करें कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की तरह अपने सांसदों के लिए वोट देने से पहले कार्यशाला आयोजित करने के सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है और उसमें सभी नेता अपने सांसदों को सामूहिक संदेश देंगे। बैठक सोमवार को कब होगी फिलहाल समय तय नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई लेकिन कहा गया कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ही उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की बात विचार किया जाएगा।

**'इंडिया' के उम्मीदवार को विजयी बनाने का होगा आह्वान**

**संक्षिप्त समाचार**

### मणिपुर में दो साइबर अपराधी और दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के साझा अभियानों में साइबर अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल चार लोग गिरफ्तार किए गए। मणिपुर की साइबर अपराध पुलिस थाना की एक टीम ने थौबल जिले से शनिवार को दो साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खाता चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। म्यूल बैंक खाता वैसा खाता होता है, जिसका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को फंसाकर जालसाज करते हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दूसरों को बैंक अकाउंट खुलवाने का लालच दिया और अन्य साइबर अपरा. धियों के साथ मिलीभगत करके साइबर धोखाधड़ी के पैसे को स्थानांतरित करने और जमा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया।

### गैंगस्टर बराड़ का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेशी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगी बलजिंदर सिंह उर्फ रैंच को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपी के पास से पांच पिस्तौल (-32 बोर) और 10 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देश पर उसके प्रमुख सहयोगी मलकीत सिंह उर्फ कित्ता भानी के माध्यम से खरीदे गए थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगी को ही आउटसोर्स करने की जरूरत: अखिलेश

## कहा: 2025 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा

**इटावा, वार्ता**



■ भाजपा जाएगी, तभी आरक्षण बचेगा संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ए बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है।

# भाजपा की कार्यशाला के दौरान अंतिम पंक्ति में दिखे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ प्रधानमंत्री को जीएसटी सुधारों के लिए किया गया सम्मानित

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बीच नई दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुता. बिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवम्बर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

# मायावती ने ट्रम्प टैरिफ पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'ट्रम्प टैरिफ' के आतंक से उभरी नई चुनौतियों को लेकर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की ज़रूरत है।

ऐसा करना जरूरी है वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी। इससे बचना बहुत जरूरी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को जमीनी स्तर पर बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही यह निर्देश भी दिया की बाकी बचे कार्य पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर प्रस्तावित पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि राजधानी लखनऊ स्थित 'मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल' पर ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी।

## सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में तो जिलों में सांसदों और विधायकों ने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन ने मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं हो पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी ही नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा, तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए, तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।

**चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी से प्रतिभा का लाभ दिया**

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था, तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके।



**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85

**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार के असर से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर जीएसटी सुधारों के जमीनी असर और वैश्विक कारकों पर रहेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर घटाने की घोषणा के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने कीमतों में कटौती करनी शुरू कर दी है।

निवेशकों को इस बात का इंतजार रहेगा कि कौन सा क्षेत्र जीएसटी सुधार के बाद कीमतों में कितनी कटौती करता है। इसके अलावा विदेशों से मिलने वाले संकेतों पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 901.11 अंक (1.13 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त में 80,710.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 314.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 24,741 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.40 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.49 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 11.36 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। टाटा स्टील का शेयर 8.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 5.32 फीसदी और इटरनल का 4.77 फीसदी मजबूत हुआ। ट्रेंट में 4.12 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 3.65, टाटा मोटर्स में 3.45, एशियर पेंट्स में 2.44, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27, एचडीएफसी बैंक में 1.20, एक्सिस बैंक में 1.02 और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक में भी साप्ताहिक तेजी रही। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 2.47 फीसदी टूट गया। इंफोसिस में 1.71 प्रतिशत, एलएंडटी में 1.31, टीसीएस में 1.17 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाल निशान में रहे।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,06,251 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सप्ताह 1,06,251 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआई सीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि शीर्ष 10 की अन्य तीन कंपनियों के एम-कैप में 29,731 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का एम-कैप सबसे अधिक 37,961 करोड़ रुपए बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 23,344 करोड़ रुपए और 17,580 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी का एम-कैप 15,559 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 4,246 करोड़ रुपए बढ़ा। एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 4,134 करोड़ रुपए और 3,426 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई।

# गेहूं-चावल नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़ चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गई, जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

वहीं गेहूं करीब सात रुपए सस्ता होकर 2,848.96 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपए और वनस्पति में 151 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपए और सूरजमखी तेल 62 रुपए सस्ता हुआ। वहीं पाम ऑयल 47 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गए। चना दाल औसतन करीब 67 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपए और दाल मूंग में 52 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी 113 रुपए उतर गई। मसूर दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपए, मसूर काली 8092.38 रुपए, मूंग दाल 10051.69 रुपए, उड़द दाल 10404.63 रुपए, अरहर दाल 10560.87 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपए और चावल 3776.83 रुपए प्रति क्विंटल।

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोग: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैकऑफिस बन गया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवे. दनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिक. ार छीन लिए गए। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुई है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुई थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमो. रियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## घरेलू विवाद के चलते उठाया आत्मघाती कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव मखियाली में घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस समय परिवार के लोग इधर उधर थे और मृतक ने परिजनों को कोई एहसास नहीं होने दिया और अपनी जान दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव मखियाली निवासी जोगेन्द्र निवासी रणतेज एक पेपर मिल में ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा भूसी लाने ले जाने का काम करता था। शनिवार की रात जोगेन्द्र के परिवार में उस वक्त कोहराम मच गया जब परिजनों ने उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा घटना रात्रि करीब साढ़े दस बजे की बताई गई है और जिस समय जोगेन्द्र ने यह कदम उठाया उस समय परिवार के लोग इधर उधर अपने काम में व्यस्त थे तो कुछ लोग आराम कर रहे थे। बताया जाता है कि जोगेन्द्र का परिवार अलग-अलग मकानों में रहता है और वह अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ अलग मकान में रहता था।

घटना के बाद जब परिवार में कोहराम मचा तो आस-पास के लोग व परिवार के अन्य लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इस समय परि. जनों को यह एहसास था कि शायद जोगेन्द्र बच जाएगा वह उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने रात्रि में ही शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी मे रखवा दिया था। सूत्रों का कहना है कि घर में हल्का-फुल्का विवाद था और परिवार के लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि जोगेन्द्र इतना बड़ा कदम उठाकर अपने परिवार को अकेला छोड जाएगा।

इस घटना में पूरे परिवार को रोने बिलखने पर मजबूर कर दिया है, क्योकि जोगेन्द्र के छोटे-छोटे बच्चे है फिलहाल पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया इस संबंध में किसी की कार्यवाही के लिए थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# खतौली में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र की पमनावली चौकी अंतर्गत गांव कढ़ली में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में मातम छा गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने गांव में ही एक पेड़ पर फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई नही की है और अंतिम संस्कार कर दिया था। मामले को लेकर पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चा है, लेकिन अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सका है। पुलिस को भी घटना की कोई सूचना नहीं मिली है। युवक की असामयिक मौत से परिवार सदमे में है और ग्रामीण भी ग़मगीन हैं। समाचार लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। घटना के बाद ग्रामीणों में शोक का माहौल बना हुआ था।

# थाने बैठा पछताया बेटी के कत्ल का आरोपी बाप

■ **परिवार शोक में डूबा, मौहल्ले में भी छाया है शोक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किदवईनगर में जवान बेटी की हत्या करके खुद ही थाने पहुंचे व्यक्ति को लेकर जहां मौहल्ले में सन्नाटा सा छाया रहा और लोग तरह-तरह की बाते करते मिले तो वहीं बेटी के कत्ल में थाने में बैठे आरोपी पिता को अपने किए का पछतावा जरूर था, लेकिन उसकी बयान यह संकेत कर रहे थे कि आखिर वह ऐसा न करता तो फिर क्या करता, क्योकि कई रोज तक आरोपी पिता ने अपनी बेटी को शादी करने के लिए समझाया और परिवार के लोग भी जवान बेटी को इज्जत का वास्ता देते रहे, लेकिन बेटी पर तो इसका जरा भी असर नहीं पड़ रहा था।

थाने में दिए गए बयान को गय्यूर रूक-रूक कर पुलिस के सामने पेश कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए बेटी के कत्ल के आरोप में गय्यूर के खिलाफ लिखापढ़ी कर उसको जेल भेज दिया है, लेकिन यह परिवार एक तरफ जहां दहशत में है तो वहीं इस बात को लेकर भी परेशान है कि आखिर वह लोगों को कहा तक क्या जवाब दे और रिश्तेदारों को भी वह इस घटना को बताते हुए अपने को एक मुजरिम सा महसूस कर रहे है।

जवान बेटी की मौत के बाद अभी भी पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## जयंत चोधरी ने हर्ष राठी के परिजनों का बंधाया ढांढस

**मुजफ्फरनगर।** रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व. बाबूराम राठी के सुपुत्र एवं लोकदल के युवा मंडल अध्यक्ष हर्ष राठी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे रालोद सुप्रीमों एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि हर्ष राठी का निधन पार्टी के लिए एक बडी क्षति है। बीमारी के चलते हर्ष राठी का आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होने दिव्यांगत आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घडी में राष्ट्रीय लोकदल के साथ खडा है। इस दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी और जिले के रालोद नेताओं में भी हर्ष राठी के परिजनों को सांत्वना दी।



मुजफ्फरनगर: डीएवी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केन्द्र के बाहर अभ्यर्थियों की लगी भीड़।

# पीईटी एग्जाम: दूसरे दिन 3979 ने छोड़ी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी परीक्षा दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराई गई। दोनो पालियों के लिए 10080 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, दूसरे दिन भी पहली पाली के 2062 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी तो वहीं दूसरी पाली में 1917 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। पहली पाली के लिए 8018 व दूसरी पाली के लिए 8163 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रश्न पत्र को हल किया।

22 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शहर के एसडी इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमैट्रिकस्तर, जल, शोचालय की व्यवस्था को परखा। किसी भी अभ्यर्थी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल केंद्र में नहीं ले जाने दिया गया। साथ ही परीक्षा देने आए पोक्षार्थयों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



मुजफ्फरनगर: हर्ष राठी के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे रालोद मुखिया जयंत चौधरी।

# राष्ट्र के प्रति समर्पण : युवाओं में दिखा भर्ती होने का जुनून

## पशिचम उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों के 15,369 ने दिखाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 22 अगस्त से शुरू हुई अग्निवीर भर्ती में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के युवाओं के लिए राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्य निष्ठा और सेना में शामिल होने का जुनून का जीवंत उदाहरण बनी।

रविवार को मेडिकल की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। मुजफ्फरनगर में भारतीय थल सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत यह दूसरी अग्निवीर भर्ती थी। इसके साथ ही सैन्य अधिकारियों ने टीम के साथ जिले से विदाई की तैयारी कर ली है। भारतीय सेना के अग्निवीर भर्ती अभियान के अंतर्गत सेना भर्ती कार्यालय मेरठ द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का सफल समापन हो गया। यह रैली 22 अगस्त से प्रारम्भ हुई थी, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ के भर्ती निदेशक कर्नल सत्यजीत बेबले ने बताया कि अग्निवीर सैनिक की श्रेणियों जनरल ड्यूटी, क्लर्क एसकेटी, तकनीकी तथा ट्रेड्समैन के लिए आयोजित इस रैली में करीब 17,500 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के बाद शारी. रिक दक्षता साबित करने के लिए किया गया था। इनमें से मुजफ्फरनगर में भर्ती के दौरान 13 जनपदों के 15,369 उम्मीदवारों ने अपना कौशल और अनुशासन दिखाया। उन्होंने बताया कि मुख्यालय 9 आर्टिलरी ब्रिगेड और 92 मध्यम तोपखाना के सहयोग से पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई।

वहीं, जिला मजिस्ट्रेट उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में नागरिक प्रशासन ने सेना को आवश्यक सहयोग, जनशक्ति और सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती सुनिश्चित की। कर्नल बेबले ने अंत में कहा कि युवाओं के अनुशासन और लगन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारतीय सेना में शामिल होना सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक गौरवपूर्ण संकल्प है। उन्होंने बताया कि रविवार को मेडिकल की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। सोमवार को शाम स्टेडियम से सैन्य दल रवाना हो जायेगा। इसके बाद इस भर्ती के दौरान विभिन्न श्रेणियों में चयनित अग्निवीर सैनिकों के नाम की सूची जारी कर दी जायेगी।

# नवनियुक्त अनुदेशकों को बांटे गए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से चयनित अनुदेशकों को आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, तथा विशिष्ट अतिथि राजपाल बालियान, विधायक बुढाना विधानसभा, की मौजूदगी में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने की। लखनऊ से सजीव प्रसारण के माध्यम से राज्यमंत्री कपिल देव ने कहा कि शिल्पकार प्रशिक्षण योजना वर्तमान एवं भविष्य की जनशक्ति की मांगों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अतिथियों ने नवनियुक्त अनुदेशकों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अंत में नोडल प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, आईएमसी राजकीय आईटीआई चेयरमैन राजेश जैन, लघु उद्योग भारती के जिला सचिव जगमोहन गोयल, अनुज गोयल, प्रवीन खेडा, नोडल प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अंकित सिंघल, अशोक कुमार सहित जिले के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया।

# नाली निर्माण को लेकर ईओ और सभासद पति में तकरार

■ **अधिशासी अधिकारी ने पालिका अध्यक्ष को दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिशासी अधिकारी के घर के बाहर बनने वाली सड़क के दोनो ओर नालियां बनाए जाना प्रस्तावित है आज जब ठेकेदार के श्रमिकों ने ईओ के घर के बाहर नाली साइड में नाली बनाने हेतू खुदाई कराई तो ईओ ने काम रूकवा दिया जिससे नाराज वार्ड सभासद के पति शोभित गुप्ता ने कडी नाराजगी जताते हुए ईओ को फोन किया तो ईओ भी भड़क उठी और उन्होने इसे पालिका के कार्यो में सभासद पति का अनुचित हस्तक्षेप बताते हुए चेयरमैन से शिकायत की है साथ ही जेई और ठेकेदार से रिपोर्ट भी तलब की है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को फायर बिग्रेड के निकट वाली गली मे अधिशासी अधिकारी के सरकारी आवास के बाहर सड़क खुदाई का काम शुरू हुआ। ईओ प्रज्ञा सिंह ने ठेकेदार से इस संबंध में बात की तो ठेकेदार ने बताया कि यहां पर नाली और सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है। ईओ ने इस मामले की जांच की तो उन्होने पाया कि इस स्थान पर पहले से कोई नाली का निर्माण नहीं हुआ। ईओ के आदेश के बाद पालिका के जेई मौके पर पहुंचे और उन्होने बिन्दू वार सूचना सोमवार को देने की बात कही, लेकिन ईओ के आदेश पर काम रोक दिया गया इतना ही नहीं मजदूरों को भी वापस जाना पड़ा। इस मामले की जानकारी सभासदों को लगी तो वह ठेकेदार के साथ दोबारा मजदूर को लेकर वहां पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान सभासद पति ने फोन द्वारा ईओ प्रज्ञा सिंह को सभासद द्वारा कह गए शब्द बुरे लगे। आरोप तो यह है कि ईओ प्रज्ञा सिंह को धमकी दी गई। गहमा गहमी के चलते ईओ प्रज्ञा सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र में अतिक्रमण का विरोध करेगी। बताया जाता है कि सभासद पति के धमकी भरे शब्दो की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंच चुकी है और इसकी शिकायत थाने तक करने की भी बात कही गई है। इतना ही नहीं अधिशासी अधिकारी ने इस मामले की शिकायत पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप व उनके पति गौरव स्वरूप से भी की है। उधर सभासद पति ने इस मामले को निराधार बताते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र में विकास कार्य करा रहे है और इसी को लेकर आरोप लगाए गए है। शोभित का कहना है कि जन प्रतिनिधि होने के कारण उन्हे जनता का पक्ष रखने की आजादी है। मेरी पत्नी बोर्ड में सभासद होने के नाते जन हितेषी बाते उठाती है, जबकि क्षेत्र के लोगों के कहने पर वह उच्च अधिकारियों तक जनता की आवाज उठाते है उन्होने कहा कि पालिका द्वारा बनाई जा रही सड़क के दोनो ओर नाली का निर्माण होना है, लेकिन निजी स्वार्थ के चलते ईओ अपने घरके बाहर नाली निर्माण नहीं होने दे रही जिसे वह शासन स्तर तक उठाएगे और पूछेगे कि जब ईओ ही नाली निर्माण नहीं होने देगी तो शहर के बाकी हिस्सों में वह किस आधार पर नाली का निर्माण कराएगे। उन्होने कहा कि ईओ के घर के बाहर भी अतिक्रमण है जो उन्हे दिखाई नहीं देता। समस्याएं उठाने पर ईओ का यह कहना कि वह सभासद नहीं है सीधे-सीधे जनता से जुडे लोगों की अनदेखी और अनादर करना है।

दूसरी ओर ईओ का कहना है कि जो नियमों के तहत सही होगा वहीं किया जाएगा। याद दिलादे कि सभासद पति पहले चर्च मार्किट क बाहर अतिक्रमण रूकवाने के आरोप के चलते चर्चित रह चुके है तथा ईओ उनकी अनदेखी कर अतिक्रमण हटवा चुकी है।



भर्ती समापन पर सैन्य अधिकारी डीएम का आभार जताते हुए।

# स्मैक के साथ धरा गया पुलिस का सहयोगी

■ **दो साथी भी गिरफ्तार, उत्तराखंड से लाकर बेचते थे मादक पदार्थ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्मैक बरामद करने का दावा किया है। इनमें दो लोग स्मैक पीने के शौकीन बताए गए है, जबकि मादक पदार्थ बेचने का आरोपी पुलिस का सहयोगी बताया जा रहा है। पकडा गया एक युवक काफी समय से पुलिस के गुड वर्क में शामिल रहा है, लेकिन अब वह खुद पुलिस के शिकंजे में फंस चुका है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर देर रात छापा मारा। और इस दौरान पुलिस ने नितिन उर्फ टोनी निवासी गौशाला रोड मंडी अभिनव उर्फ शुभम निवासी पचैण्डा थाना नई मंडी और हिमांशु निवासी पचैण्डा कला को हिरासत में लिया।





इस दौरान टीम के साथ सीओ मंडी राजू शाव की मौजूदगी में छानबीन व आरोपियों की तलाशी ली गई। उन्होने बताया कि पकडे गए आरोपियों के कब्जे से स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ। उन्होने जानकारी दी कि पूछा जाने पर अभिनव और हिमांशु ने बताया कि वह नशे के आदि है और स्मैक की पुडिया नितिन उर्फ टोनी से खरीदते है। टॉनी ने पुलिस को जानकारी दी कि वह मंगलौर से खरीदकर यहां लाकर उसकी सप्लाई करता है एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि आरोपी काफी समय से नशीले पदार्थ की तस्करी में लिप्त है और मादक पदार्थ से इन्होने काफी रूपया भी कमाया है। जानकारी मिली है कि नितिन उर्फ टोनी काफी समय से पुलिस का सहयोगी और वह पुलिस का करीबी माना जाता है अब सवाल यह है कि पुलिस के गुड वर्क में पुलिस के नजदिकी या सहयोगी कहे जाने वाले नितिन का नाम चर्चाओं में आया है। और अब वह खुद कानून के शिकंजे में फंस गया है। बरामद स्मैक की कीमत एक लाख रूपये बताई गई है।

# योग गोष्ठी में दिए हार्ट को स्वस्थ रखने के टिप्स

■ **एसडी मार्किट में योग संस्थान ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** योग क्लास में दिल की बढ़ती बीमारियों व हार्ट पफैलियर के कारण एवं दिल को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए गए। साथ ही यहां दिल की बीमारी और हार्ट अटैक के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

एसडी मार्केट स्थित भारतीय योग संस्थान की गोष्ठी में योग गुरु विनय कुमार वर्मा ने हार्ट फैलियर के कारण एवं दिल को स्वस्थ रखने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी के कारण मनुष्यों का दिल जवाब दे रहा है बाल्यावस्था एवं युवा अवस्था में भी हार्ट पफेल की घटनाएं सामने आ रही है इसका सबसे बड़ा कारण तनाव भरी



जिंदगी फास्ट फूड एवं जंक पफूड का अत्यधिक सेवन करना एवं दिनचर्या का अवस्थित होना है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों की ओर बढ़ते चले जाते हैं दूसरा कारण क्षमता से अधिक कार्य करना जैसे जिम में अत्यधिक पसीना बहाना अन्य कोई आवश्यकता से अधिक एक्सरसाइज करना रात को अधिक देर तक जागना सुबह अधिक देर तक सोना नाश्ता भोजन समय से न करना। केवल योग के द्वारा ही हम अपने पूरे शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं प्राचीन काल में हमारे ऋषि मुनियों ने योग द्वारा ही लंबी आयु एवं पूरा जीवन स्वस्थ जिया। जीवन को सपफल बनाने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए भारतीय योग संस्थान सन 1967 से योग क्रिया करा रहा है।

आज की भाग दौड़ की तनाव भरी जिंदगी से समय निकालकर एक घंटा योग अवश्य करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजक आरके गर्ग, महामंत्री प्रेम सिंह राणा, पूर्व जिला पंचायत अधिकारी राकेश शर्मा, धर्मवीर पाल, शशि राज गुप्ता, अजय मित्तल, इंद्रपाल सिंह मलिक एडवोकेट, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, पवन गर्ग, ओम प्रकाश, श्याम पाल, रतन पाल, डॉक्टर जय शर्मा, विनोद बंसल, बी के ग्रोवर, सुधीर शर्मा, राकेश खुराना, सुरेंद्र पाल, विनीत मित्तल, रेनू तायल, प्रमिला राय, रेखा शर्मा, सुधा गर्ग, अलका सैनी, सुमन मित्तल, शालिनी अग्रवाल, सतरूपा त्यागी, धीमान, संतोष शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## महिला कल्याण विभाग ने दी शी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए जागरूकता कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग ने शी-बॉक्स पोर्टल और पोक्सो एक्ट की जानकारी देते हुएकहा कि भारत सरकार का यह ऑनलाइन प्लेटफार्म है जिस पर होने वाले यौन उत्पीडन की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पोर्टल का उद्देश्य महिलाओं को पारदर्शी समाधान देना है। इस दौरान महिला कल्याण विभाग के अधिकारी और जिला बाल संरक्षण इकाई वन स्टॉप सेन्टर के कर्मचारी भी मौजूद रहे और उन्होने महिला और बाल सुरक्षा के अनुभव साझा किए। यहां मौजूद विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस जानकारी को लोगों तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है।

# नंगला मंदोड़ कॉलेज व मिनी स्टेडियम की उपेक्षा पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नंगला मंदोड़ में स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह द्वारा निर्मित भारतीय इंटर कॉलेज और उसके सामने बने मिनी स्टेडियम की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार को अंकित बालियान के साथ मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो नंगला मंदोड़ से कलेक्ट्रेट तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

यहां पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग (सिखेड़ा से जानसठ मार्ग पर अन्य स्थानों पर तो सर्विस रोड बनाई गई है, लेकिन इंटर कॉलेज और स्टेडियम के सामने यह सुविधा नहीं है। नाले का बंद होना भी गंभीर समस्या बना हुआ है एनएचएआई द्वारा बनाए गए सरकारी नाले को सड़क में मिला दिया गया, जिससे



बरसात के समय स्कूल में पानी भर जाता है और किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है।

स्टेडियम का रास्ता होने से बच्चों के खेल विकास के लिए बने मिनी स्टेडियम तक पहुंचने का कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है। स्टेडियम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कूड़ा पफेंका जा रहा है, जिससे बदबू, संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अंकित बालियान और विनीत त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के भविष्य और जनता की सुविधा के लिए दोनों ओर सर्विस रोड, नाले का निर्माण, यात्री शेड और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था तुरंत होनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता मजबूरन बड़ा आंदोलन करेगी और नंगला मंदोड़ से कलेक्ट्रेट तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

# नोटिस के बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण तो होगी कार्रवाई

## सरकारी भूमि पर बांस डाल किया हुआ है अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना ने आज रविवार को आपात स्थिति में कांधला रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर पंचायत ने एक दुकानदार को 5 दिन पूर्व नोटिस दिया था और अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी।

नोटिस को दुकानदार नौशाद ने स्वीकार भी किया मगर अतिक्रमण नहीं हटाया। ऐसे में नगर पंचायत प्रशासन ने पुलिस बल के साथ नियमानुसार अतिक्रमण हटाने का काम किया और सरकारी भूमि पर जो बांस बल्ली खड़ी की गई थी उसे जब्त किया मगर सोशल मीडिया पर नगर पंचायत की इस सही कार्यवाही को कुछ लोगों ने बेहद गलत ढंग से पेश किया। नगर पंचायत की नियमानुसार की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को इस तरह रंग देने की नापाक कोशिश की गयी जिससे कस्बे का सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े। इन लोगों को कोई ये बताए कि कौन सा कब्जा दुकान में किया गया या दुकान पर कब्जा किसे दिलाया गया। जब बुढ़ाना नगर पंचायत की टीम दुकान में दाखिल ही नहीं हुई तो दुकान से सामान कैसे उठाया गया। दरअसल दुकान के बाहर सरकारी भूमि पर जो सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था उसे नियमानुसार हटाकर ही जब्त किया गया। बड़े बड़े बांस व बल्ली सरकारी भूमि पर खड़े किए जाने से तमाम परेशानी भी हो रही थी।

ऐसे में नगर पंचायत ने नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने का काम किया है। नगर पंचायत की ओर से 02 सितंबर को नौशाद पुत्र समयदीन, जावेद पुत्र नौशाद और आबिद पुत्र नौशाद को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें लिखा है कि आपको इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा



अपने मकान में बनी दुकानों पर जो बांस बल्ली व सीढी आदि का व्यापार किया गया है। उसके बाहर आपके द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर सामग्री डाली गयी है जो नगर पालिका अधिनियम कि धारा 186 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। इसलिए आप इस नोटिस प्राप्ति के तुरन्त बाद सार्वजनिक भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा इस निकाय द्वारा अपने संसाधनो से किये गये अतिक्रमण को हटवा दिया जायेगा तथा सामान भी जब्त कर लिया जायेगा। उसमे होने वाले व्यय आदि को आपसे भू राजस्व कर की भांति वसूल किया जायेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। कुल मिलाकर नगर पंचायत को बदनाम करने का जो काम किया गया वह निंदनीय है। वैसे नपं की आज की कार्यवाही सराहनीय है।

# जाट महासभा ने पंजाब पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू कश्मीर से लेकर उत्तराखंड हिमाचल और पंजाब में आई भीषण बाढ़ के चलते सबसे ज्यादा प्रभावित पंजाब राज्य बताया जा रहा है जिसमें अचानक आए बाढ़ के पानी के चलते वहां के लोगों का खेती बाड़ी से लेकर घर का सामान और पशु तक बह गए बारिश और बाढ़ के चलते पंजाब के लोगों का बेहद नुकसान हुआ है।

जिसके चलते देश भर के विभिन्न हिस्सों से पंजाब राज्य के लिए राहत सामग्री भेजी जा रही है वहीं जनपद मुजफ्फरनगर में भी अखिल भारतीय जाट महासभा के पदाधिकारी ने मिलकर पचेंडा रोड स्थित प्लेटिनम रिजॉर्ट से एक ट्रक भर कर राहत सामग्री का भेजा गया है जिसमें चावल से लेकर आलू, प्याज, आटा, तेल , घी, खाट, मच्छरदानी, कंबल, दवाइयां व अन्य मेडिकल का सामान, आदि भेजा गया

अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने कहा की जिस तरह देश में कहीं भी अगर आपदा आती है तो वहां पंजाब का हर व्यक्ति सबसे पहले मदद के लिए पहुंचता है और आज पंजाब प्रावधान है तो इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम पंजाब के भाइयों की मदद करें इसलिए हम यह राहत सामग्री लेकर पंजाब जा रहे हैं और सीधे हमारा ट्रक करतारपुर पहुंचेगा वहां हमारे संगठन अखिल भारतीय जाट महासभा के अन्य पदाधिकारी भी मिलेंगे उन्होंने कहा कि अगर और भी किसी सामान की जरूरत पंजाब को पड़ेगी तो वह वह भी उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। अखिल भारतीय जाट महासभा के मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि आज वह पंजाब के लिए राहत सामग्री रवाना कर रहे हैं जिसमें जरूरत की सभी चीज उपलब्ध है उन्होंने भी यही दोहराया कि पंजाब एक ऐसा राज्य है जहां



देश में कहीं भी आपदा कर आती है तो पंजाब का व्यक्ति उसे आपदा में पीड़ितों की मदद के लिए सबसे पहले खड़ा मिलता है। चौधरी ब्रजवीर सिंह जिला अध्यक्ष, अरविंद जोहल मंडल अध्यक्ष, अंकुर काकरान जिला संयोजक, यनेंद्र जोहल, हिमांशु राठी, ममता चौधरी, वंदना बालियान, मनोज मास्टर जी, ख्रष्णपाल राठी चेयरमैन, हिमांशु बालियान, सतनाम सिंह हंसपाल, मनोज रहल, नवीन चौधरी, जयंत चौधरी, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ अरुण कुमार, हरेंद्र शर्मा, अजय कुमार, विजय कुमार (डब्बू) संजय गुढ़ू , गोपाल चौधरी, संजीव चौधरी, दीपक चौधरी, सर्वेंद्र राठी आदि

### एक्सीडेंट में मरे बछड़े को जेसीबी मशीन से दबाया

**बुढ़ाना।** बीती रात एक्सीडैंट में मरे एक आवारा बछड़े को गौरक्षकों ने रविवार की सायं जंगल में जेसीबी मशीन से जमीन में दबवा दिया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परासौली में पुलिस चौकी के समीप कांधला रोड पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर आवारा तरीके से विचरण कर रहे एक आवारा बछड़े को एक अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। उधर घायल बछड़े ने तड़प तडपकर दम तोड दिया। बछड़ा पूरी रात सड़क के किनारे पड़ा रहा। आज रविवार की सुबह किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना माधव गौशाला परासौली के संचालक गौरक्षक छोटा सैनी को दी तो वे अन्य गौरक्षकों के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना परासौली चौकी इंचार्ज सोनू कुमार को दी तो उन्होंने तुरंत जेस.ीबी मंगवाकर गहरा गड्ढा खुदवाकर मृत बछड़े को जमीन में दबवा दिया।

# एमएफए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के ललित कला विभाग के एमएफए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने माँ शाकुम्बरी विश्वविद्यालय के परीक्षा फल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

एमएफए द्वितीय सेमेस्टर में अप्लाईड आर्ट्स से छात्रा हिमांशी ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तपस्या ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अनुराधा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एमएफए द्वितीय सेमेस्टर में टेक्सटाइल डिजाइनिंग से छात्रा अपूर्वा शर्मा ने 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा छात्रा अर्पणा त्यागी ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एमएफए द्वितीय सेमेस्टर में फैशन डिजाइनिंग से छात्र आशीष शर्मा ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा प्रिंसी तनवार ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्रा इशिका कौशिक ने 83.4 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एमएफए द्वितीय सेमस्टर में ड्राइंग एंड पेंटिंग से छात्रा श्रद्धा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा अन्नु ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र विनेश ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षक व् परिजनों को दिया।

एमएफए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बताया की उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और मेहनत से की है।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा की निरंतर कठिन परिश्रम से सफलता संभव हो पाती है अत: युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए।

श्री राम कॉलेज के ललित कला विभाग के निदेशक डॉ मनोज धीमान ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका की सहराना की।

इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के ललित कला विभाग के विभागाध्यक्षा मिनाक्षी काकरान एवं प्रवक्ता रजनीकांत, बिन्नू पुंडीर, डा अनु देवी, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना, सिद्वार्थ तोमर और सोनी श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थिओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।



मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र।

# सभी भक्तजनों ने मांगी एक दूसरे से क्षमा

**बुढ़ाना।** अटाली श्री 1008 दिगंबर जैन पार्श्वनाथ जिनालय में दश लक्षण के समापन दिवस पर श्री को पांडुक शिला पर विराजमान कर जलाभिषेक एवं शांतिधारा की एवं नित्य नियम पूजन में पंच परमेष्ठी पूज, ,चौबीसी पूजन, पार्श्वनाथ पूजन रत्नात्रय पूजन का आयोजन किया एवं सम्मान समारोह किया। अटाली ग्राम के प्रधान का एवं अन्य सभी लोगों का सम्मान किया। विधानाचार्य पंडित मनोज जैन ने यहां पर बताया कि सिर्फ जैन धर्म ही हमें क्षमा भाव रखना नहीं सिखाता है बल्कि सभी धर्म यही कहते है कि हमें सबके प्रति अपने मन मे दया और क्षमा का भाव रखना चाहिए। सभी भक्तों ने यहां पर एक दूसरे से क्षमा मांगकर अपने प्रति क्षमा का भाव रखा। यहां मंदिर प्रांगण में मुख्य रूप से संजय जैन, प्रमोद जैन, राजेन्द्र जैन और राजीव जैन आदि भक्त शामिल हुए।



### दबंग ने दी कॉलेज आनर को धमकी

**बुढ़ाना।** एक दबंग दम्पत्ति ने कालेज परिसर में आकर एक कालेज की महिला आनर को अकारण ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए अपनी सुरक्षा को गुहार पुलिस से लगाई है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में स्थित एक कालेज में बीती शनिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी के एक गांव के निवासी पति पत्नि आये। अपनी पत्नि को लेकर आए युवक ने अपना नाम बताया और अकारण ही कालेज की महिला आनर को देखकर आग बबूला हो गया और जोर जोर से गाली गलौज करते हुए छात्र छात्रओं की पढाई को भी बाधित किया। कालेज में इस तरह की हरकत होते देख कालेज में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल सा बन गया। दंपत्ति फिर उनको हत्या की धमकी देकर बड़े ही आराम से चले गये। इस दम्पत्ति की ये हरकत कालेज में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हो गयी।

# वृद्ध के खिलाफ छेड़छाड़ का फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पुलिस द्वारा वृद्ध के खिलाफ युवती के साथ छेड़छाड़ का फर्जी मुकदमा दर्ज करने से रोषित ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।.

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव टंढ़ेड़ा के दर्जनों ग्रामीण रविवार को थाने पर पहुंचे।

जहां ग्रामीणों ने गांव निवासी 73 वर्षीय वृद्ध के खिलाफ छेड़छाड़ का फर्जी मुकदमा दर्ज करने को लेकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे विजय कांत शर्मा,मा.विजय पाल शर्मा, प्रवीन शर्मा, कूड़ा सिंह, अनुज, महेश, बाबूराम, सुशील धीमान, आदेश चौधरी, उग्रसेन, बिजेंद्र, शोभाराम, बाबूराम, डॉ मोहन वीर, भोलू, परम, बिंदर सैनी, चंद्रपाल, सुदेश, मांगेराम आदि ने बताया की गांव निवासी बुजुर्ग के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगा मुकदमा दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है वह हृदय का बीमार भी हैं। बुजुर्ग ने कुछ रुपए गांव निवासी महिला को उधार दिए थे। गुरुवार को वह अपने रुपए वापस मांगने गए थे। रुपए न देने पड़े, इसलिए महिला ने बुजुर्ग आनन्द पर पुत्री के साथ छेड़छाड़ का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं पुलिस ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

# गुरु वंदना छात्र अभिनन्दन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद (संकल्प) द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन एवं नि:शुल्क मैडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया।

आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में 'गुरु' 'वंदन छात्र अभिनंदन' एवं निशुल्क मैडिकल कैंप का भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेरणा मित्तल (प्रधानाचार्या श्री राम कॉलेज)के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के अध्यापकों (प्रीति गर्ग एवं महिमा)को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा मेधावी विद्यार्थियों (आर्यवीर सिंह पंवार, कहकशां, नीलेश, तनीश)को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में नि:शुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया



जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों ,अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों का दांत एवं नेत्र परीक्षण किया गया तथा निशुल्क परामर्श और दवाइयां वितरित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का भी एक माध्यम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु स्वरूप ,अवनीश गोयल, सुभाष चंद्र गुप्ता एवं अन्य सभी का विशेष योगदान रहा। स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिका आर्य ने सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

# पांच दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ शुरू

**मुजफ्फरनगर।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने अपने शिष्यों और मुजफ्फरनगर के भक्तगणों के साथ श्यामा श्याम मंदिर में बांग्लादेश, पाकिस्तान,भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म की रक्षा,सभी हिन्दुओं के परिवारों की रक्षा,इस्लामिक जिहादियों के विनाश और भक्तगणों की सात्विक मनोक.ामनाओं की पूर्ति हेतु विजय और शत्रुविनाश की देवी मां बगलामुखी का पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया।यह मां बगलामुखी महायज्ञ आज 7 सितंबर से आरम्भ होकर 11 सितंबर तक चलेगा।आज के महायज्ञ के उपरांत महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने मां बगलामुखी और महादेव की प्रार्थना करते हुए कहा कि आज हम सनातन धर्म के मानने वाले अपने धर्म,अपने राष्ट्र,अपने परिवार और अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं।हमने सदैव अहिंसा और सत्यनिष्ठा को ही अपनाया परन्तु आज हमें कमजोर समझ कर इस्लाम के जिहादी बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार कर रहे हैं, उनके सम्पूर्ण विनाश के बिना मानवता की रक्षा संभव नहीं है।उनका कहना है कि हम हिंदुओ में तो अब इतना दम बचा ही नहीं है कि हम इस्लाम के जिहादियों से अपने परिवार और अपने अस्तित्व की रक्षा कर सकें।अब हम सम्पूर्ण रूप से धर्मविहीन होकर कायर,अकर्मण्य और कमीने हो चुके हैं।इसी कारण आज हर जगह हमारी दुर्गति हो रही है। हमारे बूते पर आजाद हुआ बांग्लादेश आज अरब,ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और कश्मीर की तरह हमारे लिए कसाईखाना बन गया है।वहां हमारी बच्चियां की दुर्गति और हमारे लोगों का भीषण नरसंहार हो रहा है। हम अपने लोगों को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर रहे हैं।अब मां और महादेव ही कुछ कर सकते हैं।अब हम उन्हीं से प्रार्थना कर रहे हैं।अब यदि मां और महादेव ही चाहे तो वो हम हिंदुओ को सद्बुद्धि दे कर सर्वनाश से बचा सकते हैं अन्यथा तो अब बस विनाश ही विनाश दिखाई दे रहा है। उन्होंने महायज्ञ स्थल से सम्पूर्ण सनातन धर्मियों का आह्वान करते हुए महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया। महायज्ञ में मुख्य यजमान संजय धीमान ,और आज के यजमान प्रवीण महादेव थे। महायज्ञ में विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक राजू सैनी राष्ट्रीय महासचिव साक्षी वेलफेयर उपस्थित डॉ उदिता त्यागी यति अभयानंद,यति धर्मानंद,डॉ योगेंद्र योगी व मोहित बजरंगी मनोज सैनी क्रांतिकारी शालू सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट मनोचा खंडेलवाल संरक्षक साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट योगेंद्र शर्मा संजीव जैन आदि मौजूद रहे।

# सीरतुन्नबी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रबीउल अव्वल के मुबारक महीने में एकता जूनियर हाईस्कूल खतौली में सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सीरतुन्नबी पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 8 स्कूलों से 100 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 बच्चों को आज पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सदारत ट्रस्ट के चेयरमैन हाजी शाहनवाज़ लालू ने की। मुख्य अतिथि मुफ़्ती आशिक़ साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हआखिरी नबी हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) की ज़िन्दगी हमारे लिए मसल-ए-राह है। बच्चों को चाहिए कि वे नबी की जीवनशैली



को अपनाकर अपने चरित्र को निखारें। नबी की सुन्नत पर चलेंगे तो दीन और दुनिया दोनों में कामयाबी हासिल करेंगे।ह अंग्रेज़ी भाषण प्रतियोगिता में ज़ोहा और उर्दू भाषण में आलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की निज़ामत आदिल मोहसिन ने की। इस अवसर पर डॉ अमीर आज़म क़ुरैशी, प्रोफेसर नसीर अहमद, डॉ सगीर हसन, अमीर अंजुम, डॉ ज़ीशान, मोहम्मद ताहिर, क़ाज़ी अदील, तासीर भाई, डॉ अथर, इंजीनियर उस्मान, अब्दुल मालिक, मुफ़्ती मुजीब, डॉ फरहीन जावेद, राना क़ुरैशी, शान मोहम्मद सहित विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों की मेहनत की सराहना की गई और उन्हें आगे भी इसी तरह से शिक्षा व अच्छे आचरण की राह पर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### समाज के सबसे लंबे व्यक्ति के निधन पर पाल समाज में शोक की लहर



**पुरकाजी।** पाल समाज के सबसे लंबे इंसान के निधन होने पर पाल समाज में शोक की लहर। पाल समाज की शान कहे जाने वाले ग्वालियर के रहने वाले मंगल पाल का रात्रि अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में निधन हो गया उनका जाना एक व्यक्ति का जाना नहीं है बल्कि देश व पाल समाज के लिए अपूरणीय क्षती है इसकी जानकारी पाल समाज को जैसे ही मिली तो पाल समाज मे शोक की लहर फैल गई । ब्लॉक के निकटवर्ती गांव भोजाहेडी में मंगल पाल के निधन होने पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मंगल पाल के निधन पर 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई इस मौके पर अजब सिंह पाल मुकेश पाल मनोज पाल रविकांत पाल सचिन पाल राजकुमार पाल जॉनी पाल छोटू पाल शशिकांत पाल टोनी पाल आदि पाल समाज के व्यक्ति मौजूद रहे

# अनंत चतुर्दशी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार रात खतौली की सड़कों पर भक्तिभाव और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला।

ढोल-ताशों की गूंज, रंग-बिरंगे गुलाल की वर्षा और 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के बीच नगर और आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालु गणपति विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। बड़ा बाजार, होली चौक, सैनी नगर, भंगेला सहित विभिन्न मंडलों से गणपति की प्रतिमाएं भव्य सजावट के साथ शोभायात्रा में शामिल हुईं। डीजे की धुनों पर भक्त नाचते-गाते नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खतौली गंग. नहर पहुँचे। वहां आरती कर गणपति की प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें बप्पा से बिछड़ने की पीड़ा में नम हो उठीं। विसर्जन में मेरठ, सकौती, दौराला, मुजफ्फरनगर, शामली, बुढ़ाना सहित विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। भंगेला ग्रामीणों द्वारा भंगेला से गंगनहर तक बप्पा की विशाल शोभायात्रा निकाल कर पूजा अर्चना की गई और फिर प्रतिमाओं का विसर्जन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महिलाओं, बच्चों और पुरुषों में अपार उत्साह देखने को मिला। नगर के गणमान्य नागरिकों में विनोद सैनी, रोहित सैनी, गौरव सैनी, कुलदीप सैनी, सोनू सैनी, दीपक सैनी, अमित सैनी, सागर सैनी, अजय सैनी, तुषार सैनी, योगेश, अरुण, संदीप, नवीन सैनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित



रहे। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहा और हर कोई बप्पा से अगले साल फिर जल्दी आने की प्रार्थना करता नजर आया।

# खुब्बापुर के जंगल से फिर से हुई विद्युत लाइन चोरी

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में शनिवार देर रात्रि में अज्ञात बदमाश तीन खंभों की विद्युत लाइन काटकर चुरा ले गए। रविवार सुबह जब किसान अपने खेतों में पहुंचे तो चोरी का पता चला।किसानों ने तुरंत इसकी सूचना थाना पुलिस व बिजली विभाग को दी। सूचना पर राखी पब्लिक स्कूल पुलिस चौकी प्रभारी अमित चौधरी मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

बताया गया कि खुब्बापुर जंगल में विद्युत लाइन चोरी की यह दूसरी घटना है। करीब 15 दिन पूर्व भी चार खंभों की लाइन बदमाश उखाड़ ले गए थे। दो दिन पहले छपार थाना क्षेत्र में गिरफ्तार हुए दो चोरों ने पूछताछ में खुब्बापुर जंगल से लाइन चोरी की बात कबूल की थी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया था। लेकिन उनके जेल जाने के बाद भी शनिवार की रात बाकी बची तीन खंभों की लाइन काटकर बदमाशों ने फिर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली।लगातार हो रही विद्युत लाइन चोरी से किसानों में आक्रोश है।किसानों का कहना है कि 15 दिन पूर्व हुई चोरी की रिपोर्ट बिजली विभाग के जेई ने सिर्फ दो दिन पहले ही दर्ज कराई है, जिससे विभाग की लापरवाही साफ झलकती है।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सचिन व उसकी पत्नी श्रीमती रेनू मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए इनसे तंग आकर मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं, इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे

**हरीकिशन पुत्र श्री टोलर राम निवासी- म.नं. 166 गाजावाली पुलिया कच्ची सडक, थाना सिविल लाईन तहसील व जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैने अपना नाम लाली से बदलकर खुशनूदा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**खुशनूदा पत्नी मंजूर निवासी 404, ग्राम बिलासपुर तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHADAB MIRZA से बदलकर MOH SADAB रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये MOH SADAB और SHADAB MIRZA एक ही व्यक्ति है

**निवासी- 18G दयाल पुरम खतौली, जिला मुज़फ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD JAVED से बदल कर MOUHAMMAD JAVED रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**MOUHAMMAD JAVED**

**निवासी- जानसठ रोड, इस्लामाबाद भूड खतौली, जिला मुज़फ्फरनगर**

# लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ग्राम चौकडा पुल के पास कई दिनों से लापता युवक का शव शमशान घाट में आम के पेड़ से सड़ी-गली अवस्था मे लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हों गई।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली वही ग्रामीणों ने हत्या व तुरन्त घटना के खुलासे की मांग करते हुए शव को उतारने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर डॉक्टर रविशंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया तथा मृतक के शव को पेड़ से उतरवाकर पीएम के लिए भिजवाया।

चरथावल कस्बे के मोहल्ला चौहटा निवासी नईम पुत्र भूरा दो सितंबर को चौकड़ा पुल के पास मछली पकड़ने गया था।नईम के शाम तक वापस घर न लौटने पर परिजनों ने नईम की तलाश शुरू की थी।

उसका कोई पता न चलने पर परिजनों ने थाना चरथावल पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।पुलिस एवं परिजन तभी से ही उसकी तलाश में जुटे थे परंतु उसका कोई अता-पता नहीं चल पाया था।

रविवार को परिजनों द्वारा लापता नइम की जंगलों में तलाश की जा रही थी। उसी दौरान चौकडा पुल के पास शमशान घाट में आम के पेड़ पर एक व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव लटका दिखाई दिया। परिजनों द्वारा अन्य ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई पास जाकर देखा तो उसकी पहचान नईम उर्फ भूरा के रूप में हुई।शव पूरी तरह से सडी गली अवस्था में था।तथा चेहरा भी साफ प्रतीत नहीं हो रहा था।

लापता युवक का शव शमशान घाट में आम के पेड़ से सड़ी-गली अवस्था मे लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हों गई। वही भाकियू अराजनी. तिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान,सभासद गुलफाम उर्फ काला आदि गणमान्य लोग भी मौके पर पहुंचे।वही सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली वही ग्रामीणों ने हत्या का आरोप व घटना के खुलासे की मांग करते हुए शव को उतारने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर डॉक्टर रविशंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया तथा मृतक के शव को पेड़ से उतरवाकर पीएम के लिए भिजवाया।

वहीं पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही कुछ लोग घटना को आत्महत्या मान रहे है तो वही कुछ क्षेत्रवासी हत्या होना कह रहे है घटना से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है वही मृतक के करीब जहाँ सात बच्चे थे और मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था,शव मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था,वही मृतक के परिवार के पालन पोषण की हर कोई दुहाई देता नजर आ रहा था की अब मृतक के बच्चो का क्या होगा ।

# एमडीएस इंटर कॉलेज में छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**मुजफ्फरनगर।** शिक्षक राष्ट्र निर्माता- इस संकल्प के साथ गुरुओं के सम्मान में एमडीएस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मिल मंसूरपुर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह।

मिल मंसूरपुर स्थित, एमडीएस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम, गरिमा और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह रंगोली, पुष्प सज्जा और बैनरों से वातावरण उल्लासमय बना हुआ था। सुबह से ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंगलगीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि पंकज अग्रवाल खंड शिक्षा अधिकारी, खतौली, विशिष्ट अतिथि ओम सिंह, प्रदीप लाल, विकास मोतला,शुभम पाल,विक्रांत चौधरी प्रबंधक संदीप कुमार एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। इनमें स्वागत नृत्य, देशभक्ति गीत, गुरु वंदना, कविता पाठ, भाषण और लघु नाटिका सम्मिलित रही। विद्यार्थियों ने अपने-अपने अंदाज में गुरुजनों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया। एक नाटक हगुरु का महत्वह ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया और विद्यार्थियों में गहरी प्रेरणा जगाई।अपने प्रेरक संबोधन में मुख्य अतिथि पंकज अग्रवाल ने कहा शिक्षक समाज का वास्तविक निर्माता है। जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार शिक्षक अपने परिश्रम और ज्ञान से विद्यार्थियों के जीवन को उज्ज्वल बनाते हैं। विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य अपने गुरु का आदर करना और उनके बताए मार्ग पर चलना है। उन्होंने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रबंधक संदीप कुमार ने कहा कि विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियाँ शिक्षकों के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें बल्कि जीवन में सदाचार और संस्कारों का पालन करें।प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा हशिक्षक दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। हमें यह सोचना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को किस प्रकार और उत्तम शिक्षा दी जा सकती है। शिक्षक वह शक्ति हैं जो विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक बनाकर देश का भविष्य संवारते हैं।विशिष्ट अतिथि ओम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध भारतीय संस्कृति की आत्मा है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करें, क्योंकि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन की कठिन राहें सरल हो पाती हैं।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्पमालाएँ, शुभकामना कार्ड भेंट किए। पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन अं. कता बत्रा एवं वंशिका चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# मंडावली खादर की महिला प्रधान से सचिव ने की बदसलूकी

**बुढ़ाना।** मंडावली खादर के ग्राम सचिव पर महिला प्रधान से बदसलूकी किए जाने का आरोप लगा है। प्रधान उज्जवल ने बताया कि वह बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मंडावली खादर की प्रधान है। उसकी ग्राम पंचायत मे गऊशाला बनी है। जिसका चारा का पैसा उसके खाते मे राज्य सरकार द्वारा आता है। जिसमे वह और ग्राम सचिव दोनो के हस्ताक्षर होते हैं और पैसा निकालकर पशुओं के लिये चारा खरीदा जाता है। बीती 4 सितम्बर को वह अपने पति मनोज कुमार, गांव के उदल पुत्र चरनू और जोनी पुत्र वेदराम के साथ ब्लॉक बुढाना गयी थी। जहां पहले से ही ग्राम सचिव ने 3-4 अज्ञात व्यक्तियों को बिठा रखा था। उसने सचिव को पशुओं का चारा खरीदने के लिये पैसा निकालने के लिये कहा तो ग्राम सचिव चितरांश बालियान ने कहा कि तू कौन है। तू यहां क्या लेने के लिये आयी है तो उसने कहा कि मैं ग्राम मंडावली खादर की प्रधान हूं। मैं इसलिए आयी हूं जो गऊशाला के लिये चारे के पैसे आये हैं उन्हें निकालने हैं। इतना सुनते ही ग्राम सचिव चितरांश बालियान ने कहा कि तू प्रधान है तो ये कौन है। यो यहां क्या लेने के लिये आया है। उसने कहा कि मेरे पति हैं। ये नही आयेंगे तो मेरे साथ कौन आयेगा। तब सचिव ने कहा कि जब तू प्रधान है तो अकेली आया कर यो यहां नही आयेगा। वहां पर ग्राम सचिव के साथ जो व्यक्ति बैठे थे उसके और उसके पति के साथ बदतमीजी के लहजे से बात करने लगे और मुझे व मेरे पति मनोज कुमार को पीटने पर उतारू हो गये। उसको ग्राम सचिव व उन व्यक्तियों की हरकतों से बडा लज्जित होना पडा। महिला ग्राम प्रधान ने एसडीएम से सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित नवीन गुड़ मण्डी के भव्य परिसर में भीम जागरण सेवा मंच के तत्वाधान में आयोजित किए गये भीम जागरण में समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल का भीम जागरण सेवा मंच के अध्यक्ष किशोरी लाल एवं समाज के सम्मानित लोगों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान यहां पर फिर समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल ने भी उपस्थित जिम्मेदार लोगों को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीरें भेंट कर सभी को एक एक करके सम्मानित किया। इस अवसर पर यहां क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।



## बाइक खड़ा करने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने

**खतौली।** शहर के लाल मोहम्मद गली में सोमवार को बाइक खड़ा करने को लेकर दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूँसे चले और कॉलोनी में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराते हुए कोतवाली ले जाकर बैठाया, जहाँ देर तक हंगामा चलता रहा। बाद में समझौता कराया गया, लेकिन रोष बना हुआ है। लालमोहम्मद मोहल्ले के मो. निस और साद पुत्र गण आबिद का बैग बनाने का कारखाना है। कारखाने में काम करने वाले मनीष निवासी लाडपुर ने मोहल्ले के ही हारिस पुत्र साबिर के घर के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी। हारिस ने बाइक खड़ी करने का विरोध किया। इस दौरान दोनों में गाली-गलौच हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया और कोतवाली पर ले आई। वहाँ दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। काफी देर तक कोतवाली में हंगामे का माहौल बना रहा। बाद में स्थानीय लोगों की पहल पर समझौता करा दिया गया।हालाँकि, समझौते के बाद भी हारिस के परिवार के लोग नाराज दिखे। हारिस ने एसडीएम राज. कुमार को शिकायती पत्र देकर अपने घर के सामने बाइक खड़ी न करने की मांग करने की बात कही।

## पांच किसानों के नलकूप से कीमती सामान चोरी

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र के भूम्मा गांव में चोरों ने शनिवार की रात एक साथ पांच किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये कीमत के स्टार्टर, कट आउट, केबल और अन्य सामान चोरी कर लिया। इस घटना से किसानों में रोष व्याप्त है।

सुबह जब किसान अपने खेतों में चारा लेने पहुंचे तो चोरी की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। चोरी की यह वारदात ग्राम प्रधान दिनेश चौधरी, पूर्व प्रधान कपिल चौधरी, किसान अमित पुत्र जसवीर और अनुज पुत्रअशोक के नलकूपों पर हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज का वार्षिक उत्सव संपन्न

**पुरकाजी।** लाला केशोदास के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आज लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज व बाल निकेतन पुरकाजी का विद्यालय वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ इस अवसर पर लाला केशोदास की प्रतिमा पर उनके पौत्र शोभित गुप्ता ने माल्यार्पण किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख शोभित गुप्ता व अमरीश गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्ख्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया व देश भक्ति की अलख जगा दी विद्यालय की कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर बी बी गुप्ता व संचालन धीरज गर्ग ने किया अधिकतम उपस्थिति के लिए वरिष्ठ अध्यापक धीरज गर्ग को प्रबंधक श्याम सुंदर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन श्याम सुंदर नवीन गर्ग मोहनलाल गर्ग दिनेश सिंघल रेवती रमण सिंघल हाफिज मोहसिन वंश अग्रवाल सुरेश गोयल प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार सुमन लता विनोद पाल राकेश शर्मा रजनीश त्यागी विकास पाल संजीव कुमार भावना त्यागी अर्चना देवी सोनम वर्षा धवन आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

### जमानत करा रही महिला की हालत खराब

**बुढाना।** स्थानीय पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाही से घबराई हुई एक आरोपी महिला की हालत तहसील परिसर में उस समय बिगड़ गयी जब पुलिस उसको कोतवाली से एसडीएम कोर्ट में पेश करने जा रही थी। हालत बिगड़ने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गये और पुलिस ने महिला को आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में बीते कल दो पक्षों नौशाद सैफी और दूसरे सांप्रदाय की प्रणिता नामक महिला में मकान और दुकानघ्को बैंचने के चलते झगड़ा हो गया था। जिसमें कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर एक पक्ष के दो युवकों और दो महिलाओं को पकड़कर बुढ़ाना कोतवाली ले आयी थी जबकि दूसरे पक्ष के किसी भी व्यक्ति को नहीं पकड़ा था। दूसरे पक्ष ने पुलिस को जावेद पक्ष के खिलाफ ही तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुए आज दो महिलाओं का चालान कर दिया जबकि जावेद पक्ष के ही दो युवकों को भी जेल भेजे जाने की तैयारी चल रही थी। जब आज रविवार की सायं दोनों महिलाओं को बुढ़ाना पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर एसडीएम बुढ़ाना कोर्ट में ले जाने के लिए बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंची तो जावेद सैफी की पत्नि रुखसाना की हालत अचानक से बिगड़ गयी तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने महिला को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना में भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने उसको गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। देर रात समाचार लिखे जाने तक महिला की हालत जस की तस ही बनी हुई थी। उधर जावेद पक्ष के ही 2 अन्य लोग पुलिस के डर की वजह से फरार हो गये हैं। दूसरी और चर्चा है कि पूरे मामले को बुढ़ाना कस्बा चौकी पुलिस ने दबाए रखा क्योंकि बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री को यह भी नहीं पता कि झगड़ा किसका किसके साथ हुआ था। बस उन्होंने तो पीड़ित की तहरीर पर आज कस्बा चोकी पुलिस को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

### क्या कहते हैं बुढ़ाना कोतवाल....

**बुढ़ाना।** इस संबंध में जब बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि पीडित पक्ष की तहरीर पर ही कार्यवाही की गयी थी। आरोपी महिला कि तबियत बिगड़ी है इसकी जानकारी उनको मिल गयी है। आरोपी महिला पक्ष के लोग अब दूसरे पक्ष को भी जेल भिजवाने के लिए ड्रामा कर रहे हैं। वे इस मामले को बारीकी से दिखवा रहे हैं।

### गंगा बेराज के अफलक्स बंध में कटाव

**मीरापुर।** पहाडी क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के कारण गंगा व उसके आसपास की सारी नदिया उफान पर चल रही हैं। गंगा का जलस्तर भी खतरे के निशान पर चल रहा है। बेराज के अफलक्स बंध में कटाव जारी होने से स्थिति गम्भीर बनी हुई है जिस कारण कई गांवो का आवागमन बाधित हो गया है। वर्षा के कारण गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण बेराज के शीशमहल के पास अपस्ट्रीम में बाई अफलक्स बंध पर लगभग साढे छ किलोमीटर के पास रविवार को प्रात: अचानक कटाव प्रारम्भ हो गया। सूचना मिलने पर गंगा बेराज के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गये और जेसीबी की सहायता से बंध को रोकने का पूरा प्रबंध किया गया। गंगा बेराज के एसडीओ ब्रिजेश मोर्या ने बताया कि दरार को भरने के लिए जेसीबी मशीन व ट्रेक्टर लगा दिये गये हैं तथा कटो में रेत भरकर कटाव को रोकने के लिए उचित प्रबंध किये जा रहे हैं। स्थिति गम्भीर होने के कारण रास्ते में पडने वाले कई गांवो का आवागमन रोक दिया गया है। बंध के कटाव को रोकने के लिए मजदूर रात दिन कार्य में लगे हुए हैं।

### निर्माणाधीन पुल से सरिया चोरी

**रामराज।** थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल से हुई सरिया चोरी की वारदात का पुलिस ने मात्र 8 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी किए गए माल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि शनिवार की रात्रि में पुट्टी इब्राहिमपुर के पास मेरठ-पौड़ी हाईवे पर निर्माणाधीन पुल से अज्ञात चोर द्वारा सरिया चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में वादी अनुज कुमार पुत्र कल्याण सिंह निवासी फलौदी थाना नहटौर बिजनौर की तहरीर पर थाना रामराज में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टिकौला मिल के जंगल से जमालपुर की ओर कच्चे रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उपनिरीक्षक जीतन सिंह व उनकी टीम ने चोरी किए गए सरिया के साथ अभियुक्त महराजुद्दीन पुत्र शमसाद निवासी मौहल्ला कोटला थाना मीरापुर को गिरफ्तार कर लिया।

# रसूलपुर केलोरा में ग्रामीणों ने किया रक्तदान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गांव रसूलपुर केलोरा में रविवार को ग्रामीणों की पहल पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन पर आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के करीब 28 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

शिविर में अलकनंदा ब्लड बैंक, मुजफ्फरनगर की टीम ने पूरी सुविधा के साथ रक्त संग्रहण की व्यवस्था की। टीम ने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रक्तदान प्रक्रिया संपन्न कराई।

ग्रामीणों ने बताया कि यह अभियान समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। पंचायत भवन परिसर में शि. विर स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। शिविर के दौरान युवाओं में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अलकनंदा ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल लोगों में सेवा भाव बढ़ता है बल्कि जीवन रक्षक कार्यों में मदद मिलती है। ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके योगदान को सराहा। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सहयोग और उत्साह सराहनीय रहा। आयोजकों ने भविष्य में और अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। शिविर में अंकुश प्रधान, राजीव, सोनू, राजकुमार, अजय, अमित, आशीष, मनोज, आद. श, आदि दर्जनो लोग मौजूद रहे।



# अवैध खनन में पकड़े गए तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**तितावी।** शनिवार देर रात्रि तितावी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया। उक्त टीम अवैध खनन करने वालों की तलाश में जुटी है।

तितावी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि लड़वा के जंगल में खनन माफिया अवैध खनन को अंजाम देने में जुटे है। सूचना का आधार पर उक्त टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए मौके से एक जेसीबी मशीन सहित तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम को आता देख खनन के कार्य में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उक्त वाहनों को



तितावी थाने पर ले आई और कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया।

# एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी



**मन्सूरपुर।** हापुड़ में कल्स्टर टूर्नामेट में हिस्सा लेते हुए डीएवी स्कूल मुजफ्फरनगर ने खेलो का उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए वॉली बॉल के सभी वर्गों में गोल्ड जीता व योगा व चौस में सिल्वर जीता प्रधानाचार्य पूनम पंवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कोच हर्ष खेल शिक्षक धर्म वीर का सहयोग सराहनीय रहा।

# जोहरा और इस्लामाबाद के लोगों ने पेश की इंसानियत और भाईचारे की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** क्षेत्र के जोहरा और इस्लामाबाद गांव के लोगों ने आपसी भाईचारे की अनोखी मिसाल पेश करते हुए पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ी मात्रा में राहत सामग्री भेजी है।

गांव के लोगों ने मिलकर घर-घर से आटा, गेहूं, चावल, मसाले, तेल, नमक, साबुन, दवाइयाँ और पीने का पानी सहित जरूरी सामान एकत्रित किया। राहत सामग्री से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ रविवार सुबह पंजाब के लिए रवाना हो गईं।

जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार मुफ्ती मौद्द अब्दुल कादिर कासमी ने बताया कि गांव जोहरा सहित सभी क्षेत्रवासियों की खूबसूरती यही है कि जब भी कोई संकट आता है, सभी जाति और धर्म के लोग मिलकर खड़े होते हैं। यह भाईचारे का गुलदस्ता है।

ग्राम प्रधान श्रीमंदर सैनी ने कहा कि यह परंपरा गांव में पीढ़ियों से चली आ रही है कि हर समस्या का समाधान मिलजुल कर किया जाता है।

वहीं इस्लामाबाद के प्रधान जगमोहन और गन्ना सोसाइटी के चेयरमैन जोगिंदर ने बताया कि बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों गांवों के लोगों ने मिलकर राहत सामग्री तैयार की और उसे तुरंत रवाना किया गया। आपको बता दे कि गांव जोहरा और इस्लामाबाद के



लोगों की यह पहल पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के लिए इंसानियत और गंगा-जमुनी तहजीब की प्रेरणा बनी है।

## खतौली वासियों का बड़ा कदम

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भेजी राहत सामग्री

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पंजाब में आई भयंकर बाढ़ के चलते हजारों लोग बेघर हो गए हैं। ऐसे में मानवता की सेवा का संदेश देते हुए खतौली वासियों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद का संकल्प लिया।

नगरवासियों ने स्वेच्छा से राहत सामग्री एकत्र की, जिसमें मुख्य रूप से गेहूं, कपड़े, दवाइयां, तेल, मसाले और अन्य जरूरी सामान शामिल था। शनिवार को नगर के समाजसेवी माधव ठकराल, विवेक रहेजा, सतनाम सरदार, शुभम मक्कड, सोढ़ी सरदार, सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दो ट्रकों में राहत सामग्री भरकर पंजाब के गुरुद्वारा अंगीठा साहब, गुरुदासपुर पहुँचाई।



रविवार को गुरुद्वारे में जाकर राहत सामग्री संत बाबा हजारा सिंह को भेंट की गई।

यह सामग्री बाढ़ से प्रभावित लोगों तक पहुँचाई जाएगी ताकि वे इस आपदा के समय आवश्यक मदद प्राप्त कर सकें। समाजसेवियों ने कहा कि यह संकट की घड़ी में हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह आगे आकर पीड़ितों की सहायता करे।

नगरवासियों ने यह भी आशा व्यक्त की कि इस पहल से अन्य क्षेत्रों के लोग भी प्रभावितों की मदद के लिए प्रेरित होंगे। राहत सामग्री पहुँचाने वाले समाजसे. वियों ने प्रशासन से समन्वय कर आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया।

# हमेशा पीड़ितों की मदद को तैयार रहते हैं सपा नेता नवाब इम्तियाज

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज कस्बा बुढाना के मौहल्ला पीर शाह विलायत में स्थित अपने आवास से अपने समर्थकों के साथ पंजाब प्रांत में बाढ़ग्रस्त इलाकों में राशन वितरण करने के लिए भारी मात्रा में राशन सामग्री लेकर निकल गये। राशन सामग्री में पानी की बोतलें, आटे के बैग, चावल, चीनी, दाल, चाय की पत्ती, सरसों का तेल, माचिस, चप्पल, जूते, तिरपाल, दवाईयां, बिस्किट, रस्क, मैगी, अचार, मच्छरदानी, चादरें, ओडोमॉस, कम्बल और मोमबत्ती वगैरा सभी जरूरत के समान मौजूद हैं। नवाब इम्तियाज ने बताया कि हमने राहत भरा यह कदम इसलिए उठाया है कि पंजाब में बाढ़ आने के कारण वहां पर रहने वाले हमारे भाइयों का काफी नुकसान हुआ है। इसलिए हमारा हक बनता है कि हम उनके काम आ सकें। उनकी मदद के लिए, उनकी सहायता के लिए, उनके रहने की व्यवस्था के लिए और उनके राशन पानी की व्यवस्था के लिए हम सभी लोग उनके काम आ सकें।

देश के किसी भी हिस्से में किसी भी क्षेत्र में जब जब कोई भी आपदा आई है तभी हमारे सिख भाइयों ने हमेशा पीड़ित लोगों की मदद की है। हम लोग भी यही चाहते हैं कि सभी धर्म के लोगों व हर वर्ग के लोगों की जरूरत में हम काम आ सकें और अब से पहले हमने चाहे दिल्ली शाहीन बाग की बात हो वहां भी लोगों की मदद की है। चाहे गाजीपुर की बात हो चाहे कोविड-19 के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर की बात हो लगभग 2200 ऑक्सीजन सिलेंडर फी बांटने का काम हम लोगों ने किया। चाहे 5 सितंबर 2021 को मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत की बात हो सभी किसान भाइयों के लिए उनके भोजन की व्यवस्था और और फूट आदि की व्यवस्था हम लोगो ने की और आज हम सबकी जरूरत है कि हम पंजाब पहुंचने के बाद शाही जामा मस्जिद लुधियाना के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान लुधियानवी की सरपरस्ती में प्रदेश के सभी बाढ़ ग्रस्त इलाकों में दौरा करेंगे और राहत सामग्री वितरण करने का कार्य करेंगे। डॉक्टर इनाम मैहर कुरैशी ने कहा कि हमारी टीम मे हमारे हिन्दू भाई भी हैं। वो भी हर तरीके से हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं और वक्त ज़रूरत पड़ने पर हमेशा हर उस काम के लिए तैयार रहते हैं। इंजी. नियर शहजाद कुरैशी ने कहा कि हम लोग यही चाहते हैं कि इस तरह के जितने कार्य होंगे हम लोग हमेशा तैयार रहेंगे। हमारी तहज़ीब भी यही कहती है कि हम बेसहारों का सहारा बनें।


शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** देर रात्रि एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लिया और उसकी जेब से मिले मोबाईल फोने की मदद से शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर के निकट टंकी रोड निवासी 19 वर्षीय सन्नी कुमार कश्यप पुत्र दिनेश कुमार ट्रक पर गांव भभीसा निवासी नितिन के पास क्लीनर के रूप में कार्य करता था। बताया जाता है कि शनिवार सवेरे सन्नी कुमार नितिन से रूपये लेने के लिए कहकर गया था, लेकिन देर शाम तक वह वापस नही लौटा। देर रात्रि रेलवे की जीआरपी पुलिस को सूचना मिली के शहर के धीमानपुरा फाटक के निकट शमशान घाट के पास युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर जाकर मृतक युवक की तलाशी ली तो उसके पास



से मोबाईल फोन बरामद हुआ, जिसे मिले नंबरों के आधार पर पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त सन्नी कुमार के रूप में की। बडे भाई दीपक कश्यप ने बताया कि सन्नी रात्रि में घर के बाहर जरूर आया, लेकिन घर के अंदर नही पहुंचा। रात्रि करीब 12:30 बजे पुलिस ने फोन कर उसके ट्रेन से कटकर मरने की सूचना दी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रेलवे पुलिस ने युवक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। रविवार देर शाम युवक का शव उसके घर पर पहुंचा। युवक की मौत से परि. जनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## और जब तड़पता रहा घायल



**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला में बुलेट सवार युवक रवि पुत्र चरण सिंह उम्र करीब 35 निवासी खोडसमा, अपने घर लौट रहा था। मदरसे के निकट ब्रेकर होने के कारण बुलेट सवार ने ब्रेक लगा दिए। जिस पर बुलेट एक अन्य बाइक से टकरा गई और बुलेट सवार युवक रवि सडक पर गिरकर गम्भीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को देखकर पुलिस कन्ट्रोल रूम को मामले की जानकारी दी। लेकिन आरोप है कि आधे घंटे तक पुलिस मौके पर नही पहुॅची। जिस पर लोग गुस्से मे आ गए। सूचना पाते ही चौसाना पुलिस दौडी और हादसे की जानकारी ली। इसी बीच ग्रामीणों ने पीड़ित घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराने की गुजारिश की लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों की अनदेखी की।आरोप है कि पुलिस की मानवहीनता एवं संवेदनहीनता को देखकर गुस्सा आ गया । ग्रामीणों ने विरोध किया तो पुलिस घायल को कार में लिटाकर अस्पताल ले गई। जहां युवक की हालत गंभीर बताई गई है।

**पुलिस की लापरवाही से बार बार बिगड़ा माहौल**

**चौसाना।** चौसाना में पिछले एक महीने में तीन सड़क हादसों में पुलिस की लापरवाही और संवेदनहीनता सामने आई है।जिसने चौसाना का माहौल बिगाड़ दिया। घटनाओं को देखकर लगता है चौसाना चौकी पर तैनात अधिकारियों को वरिष्ठों का डर और कार्यशैली का डर ही नहीं है।

............................

हादसे के दौरान पुलिस को मानवता दिखानी चाहिए।पुलिस की कार्यशैली उचित नहीं है। घायलों का उपचार सर्व प्रथम हो। उच्चाधिकारियों को चौसाना पुलिस की कार्यशैली से अवगत कराया जाएगा।

**जितेंद्र शर्मा , प्रभारी निरीक्षक झिंझाना।**

# कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई पीईटी परीक्षा







शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को को जिलेभर में आयोजित दो दिवसीय पीईटी 2025 परीक्षा कडी सुरक्षा व्यावस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। दोनों पालियों में अभ्यार्थियों को कडी जांच, थमैल स्कैनिंग के बाद ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। डीएम एसपी के आलावा सैक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी भ्रमण शील रहे।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की दो दिवसीय प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा शनिवार को जिसे में बनाए गए 21 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को दूसरे दिन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सवेरे प्रथम पाली में परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले ही 8 बजे से केंद्रों पर अभ्यार्थियों को प्रवेश देने शुरू कर दिया गया था। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस फोर्स की चौकिंग के बाद अभ्यार्थियों को थर्मल स्कैनिंग और कडी तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए हर केंद्र पर स्टेटिक व सेक्टर मजिस्टेंट की तैनाती की गई थी और हर केंद्र पर 50 फीसदी शिक्षक बाहरी तैनात किए गए थे। प्रथम पाली में पंजीकृत 9480 अभ्यार्थियों में से 7152 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2328 अभ्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थि रहे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक संपन्न हुई। वही दूसरी पाली की दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक संपन्न हुई। जिसमें 9480 में से 7434 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2046 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 18960 अभ्यार्थियों में से 14586 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वही प्रथम पाली में 2328 और द्वितीय पाली में 2046 अभ्यार्थियों ने छोडी परीक्षा, कुल 4374 ने परीक्षा छोडी है। परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह का कैलकुलेटर,मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, आईपैड, पेन डांइव, हार्ड डिस्क, डाटा कार्ड, कलाई घड़ी, कोई विद्युत सामग्री वर्जित रखी गई। देर शाम तक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने तक डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी एनपी सिंह भी भ्रमणशील रहे। जिले में पीईटी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने से जिला पुलिस प्रशासन से राहत की सांस ली।

## मोहल्ला समिति, स्वच्छ वार्ड प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार तथा अधिशासी अधिक. ारी जितेंद्र राणा और अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशानुसार स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से हर घर स्वच्छता प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का निरंतर आयोजन कराया जा रहा है।इसी क्रम में आज दिनांक 7.9.2025 को वार्ड संख्या 09, 06, 11, 05 सहित अन्य वार्डों में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं वार्डवासियों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के दौरान घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने, सोर्स सेग्रीगेशन, गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाने आदि विषयों पर जागरूक किया गया। इसके उपरांत वार्डवासियों, महिलाओं और बच्चों ने स्वयं अपने घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग कर कचरा वाहन में दिया। साथ ही नगर एवं देश को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।कूड़ा प्रबंधन प्रशिक्षण में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, डोर-टू-डोर सफाई मित्र और वार्डवासी लगातार सहभागिता कर रहे हैं।आइए, हम सब मिलकर अपने शहर एवं देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान दें।

# चयनित 1510 अनुदेशकों को मिले नियुक्ति पत्र

**लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शामली में**



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में चयनित 1510 अनुदेशकों को शनिवार को प्रदेशभर में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र वितरण किया, जिसका सीधा प्रसारण शामली के विकास भवन सभागार में भी किया गया।

जनपद में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेंद्र सिंह और डीएम अरविन्द कुमार चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जनपद के 12 नवचयनित अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि पारदर्शिता के साथ हुआ आपका चयन बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सीखने और सिखाने की मंशा से यदि आप अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे तो बच्चों का भविष्य भी संवरता है और देश के विकास में आपकी सबसे बड़ी भूमिका होगी। वहीं, एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि योग्यता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के चयन हुआ है। जब कोई बच्चा सफल होता है तो माता-पिता को गर्व होता है, ठीक उसी तरह आज चयनित अनुदेशकों की सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह ने जानकारी दी कि शामली से कुल 12 अनुदेशकों का चयन हुआ है। इनमें कैराना आईटीआई में 2, थानाभवन आईटीआई प्रथम में 9 और आईटीआई लिसाढ़ में 1 अनुदेशक को नियुक्ति मिली है। संचालन थानाभवन आईटीआई के अनुदेशक रणवीर राणा ने किया। कैराना आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह, आईटीआई लिसाढ़ के प्रधानाचार्य शिवचरण मौजूद रहे।

## एक नजर

### साइबर ठगी की धनराशि वापस कराई

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अंकित कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम ढिंढाली थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा अपने बैंक खाते से 5,500/-रुपए डेबिट हो जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18.8.2025 को साइबर क्राइम पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक को पत्राचार कर आवेदक अंकित उपरोक्त के बैंक खाते में शत-प्रतिशत धनराशि 5,500/- रूपए वापस कराई गई है।

### पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना आदर्शमण्डी थानाभवन कांधला पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 5 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण विपिन पुत्र रामबल निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, विजय कुमार पुत्र गोविन्द निवासी ग्राम भिक्की देह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, सतीश उर्फ काला पुत्र जीतन निवासी ग्राम दखोड़ी जमालपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, कविश पंवार पुत्र राजसिंह निवासी मौहल्ला शास्त्री नगर कस्बा एलम थाना कांधला जनपद शामली, अजय उर्फ टीटू पुत्र प्रताप निवासी मौहल्ला गुजरान थाना कांधला जनपद शामली है।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी पकड़े गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वारंटीध्एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण कंवरपाल पुत्र ईश्वर सिंह निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना जनपद शामली, सुरेन्द्र सिंह पुत्र भोपाल निवासी ग्राम हरसाना थाना झिंझाना जनपद शामली हैं।


### दबाव बनाने को पीड़ितों पर ही दर्ज कर दिया मारपीट का मुकदमा, घर में घुसे थे नशेड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** पठानपुरा में नशे की हालात में घूसे तीन युवको को महिलाओं ने पकडकर जमकर धूना और पुलिस को सौंप दिया। जबकि एक आरोपी मौके से भाग गया। दोनो पक्षो ने पुलिस को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव पठानपुरा में तीन युवक नशे के हालात मे एक परिवार के घर मे घूस गए। महिलाओं ने शोर मचाते हुए युवको को पकड लिया। जबकि एक युवक मौके से छुटकर भाग निकला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और युवको को कब्जे मे किया। बताया गया है कि ग्रामीणों की मांग पर दोनो पक्षो के मध्य फैसला हो गया था। लेकिन सुबह होने पर छुटभैया नेताओं ने मामले को तूल देकर विवाद पैदा हो गया। पुलिस ने दबाव के चलते पीडितो पर ही मुकदमा कर दिया। स्मेकियों के पक्ष मे पुलिस की कार्यवाही क्षैत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। पीडित पक्ष ने मुख्यमंत्री को मामले की शिकायत की है।

### गो तस्करों व पुलिस की मुठभेड़ में एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के चौकी गढ़ी अब्दुल्ला खां में शनिवार देर शाम गौ-तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर गौ-तस्कर इरफान उर्फ हीरो पुत्र अशफाक निवासी ग्राम बुन्टा घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर सीएचसी ऊन में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक एनप। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे गौकशी विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि कुछ गौ-तस्कर एक गौवंश का वध करने के लिए आम के बाग में पहुंचे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में इरफान घायल होकर दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी हिस्ट्रीशीटर हसरत पुत्र शौकत फरार हो गया। गिरफ्तार इरफान के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस, पशु कटान के उपकरण दो छुरी, एक कुल्हाड़ी, दो रस्सी और एक जीवित गौवंश बरामद किया गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार गंभीर घायल

**हल्दौर।** दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने से चार घायल हो गये। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम शाहनगर में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जमकर संघर्ष हो गया। इस झगड़े में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मिथलेश, सुमित कुमार, मंशा देवी व ललिता देवी को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित पक्ष चंद्रपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने घर पर पथराव कर दरवाजे आदि तोड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है।

# रात में बुलडोजर से गरीबों के आवास ध्वस्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** कस्बे के अलीनगर रोड पर डूडा विभाग द्वारा बनाए गए गरीबों के सरकारी बोम्बे आवास पर रात्रि में नगर पंचायत का बुलडोजर चला कर चार मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। जिसकी जानकारी आवास के मालिकों को सुबह लगी। नगर पंचायत की ओर से की गई कार्यवाही को लेकर लोगों में भारी रोष है।

वर्ष 2007 में बने बोम्बे आवास के चार मकानों को जेसीबी मशीन के द्वारा ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि बोम्बे आवास के पीछे कश्यप धर्मशाला का निर्माण चल रहा है। जिसमें दो रास्तों के बीच में बोम्बे आवास बने हैं। धर्मशाला का लाभ लेने के लिए आवास तोडे गए हैं, जिसमें पशुओं के लिए चारा भरा हुआ था।वहीं आवास के मालिकों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा रात्रि में जेसीबी मशीन से आवास तोडे गए, जिनकी कोई जानकारी या नोटिस किसी को नहीं दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया जानकारी नहीं है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना में कूदे बीएएमएस के छात्र का नहीं लगा सुराग

गत 24 घंटे पूर्व पुराने यमुना ब्रिज पुल से यमुना नदी में कूद गया था छात्र,पीएसी के साथ प्राईवेट गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी, एसडीएम कैराना ने यमुना पर पहुंचकर डूबे छात्र के परिजनों से बात कर ली जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** 24 घंटे पूर्व हरियाणा के समालखा निवासी छात्र ने कैराना पहुंचकर यमुना ब्रिज के पुराने क्षतिग्रस्त पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी। आत्महत्या के इरादे से छात्र के यमुना में छलांग लगाए जाने की आशंका जताई गई थी।घटना के बाद से ही पीएसी फ्लड व प्राइवेट गोताखोरों की टीम यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाए हुए है,लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है और वह जिगर के टुकड़े की प्रतीक्षा में यमुना नदी पर ही टकटकी लगाए बैठे हैं। गत शनिवार की शाम करीब पांच बजे हरियाणा के जनपद पानीपत के समालखा की पंचवटी कॉलोनी का बीएमएस छात्र हिमांशुद्ध20ऋ पुत्र जयभगवान बॉर्डर पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचा। जहां पर उसने पुराने ब्रिज से यमुना में छलांग लगा दी। युवक के यमुना में कूदने की सूचना यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। इसके बाद पहले से ही ब्रिज पर मौजूद प्राइवेट गोताखोर व पीएसी फ्लड ग्रुप के सदस्यों को भी मौके पर बुलाया गया। पीएसी व प्राइवेट गोताखोरों ने मोटरबोट से छात्र की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग पाया। मामले की सूचना पर छात्र के परिजन भी यमुना नदी पर पहुंच गए थे। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। प्रथम .ष्टया युवक के आत्महत्या के इरादे से यमुना में कूदने की आशंका जताई जा रही है। छात्र युवक दो भाई बताए गए हैं।बडा भाई तुषार कजाकिस्तान विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई करने लिए गया हुआ है। छात्र के पिता सोनीपत



के गांव बेगगा में सरकारी टीचर बताए गए हैं।रविवार की प्रातः एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज भी यमुना ब्रिज पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही पीएसी फ्लड ग्रुप को आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए। उन्होंने पीड़ित परिजनों से वार्ता करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### यमुना में कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा प्रसारित

शनिवार को युवक के यमुना में कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक करीब एक-डेढ़ मिनट तक पुल पर लटका नजर आ रहा है। पुल पर खड़े बच्चे नीचे लटक रहे युवक को ऊपर खींचने का प्रयास कर रहे है, लेकिन वह सफल नही हो पाते। वीडियो में कुछ लोगो के चिल्लाने की आवाज स्पष्ट सुनाई दे रही है, जो युवक को बचाने की बात कह रहे है। कुछ लोग दौड़कर युवक के करीब पहुंच भी जाते है, लेकिन तब तक वह नदी में जा गिरता है। इसके बाद, युवक यमुना की तेज धारा में बह जाता है। बताया जा रहा है कि युवक ने नदी में कूदने से पहले परिवार के लोगो को व्हाट्सएप पर अपनी लोकेशन भी भेजी थी। उसने अपने साथ लिए टेबलेट से पुल पर खड़े बच्चों को यमुना में कूदने की वीडियो बनाने के लिए भी कहा था।









# थाना भवन में गोगा व धर्म सिंह माढ़ी पूजन के बाद गुलाल मेले की धूम

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** अस्पताल कॉलोनी स्थित धर्म सिंह देवता की माढ़ी पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने छड़ी और प्रसाद अर्पित किया। इससे एक दिन पहले गोगा माढ़ी पर भी पूजन, छड़ी और प्रसाद चढ़ाया गया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गोगा माढ़ी और धर्म सिंह देवता की माढ़ी पर प्रसाद चढ़ाने के बाद ही थाना भवन का प्रसिद्ध गुलाल मेला प्रारम्भ हो जाता है लेकिन इसका नगर पंचायत द्वारा विवधिवत उद्घाटन नहीं हुआ है।अस्पताल कॉलोनी में लगे एक दिवसीय मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। गोगा जी महाराज और धर्म सिंह देवता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मेले में बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। झूले, खिलौने, मिठाइयों और खानपान की दुकानों ने मेले की रौनक बढ़ा दी।स्थानीय निवा. सियों ने बताया कि यह मेला केवल धार्मिक परंपराओं से ही नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस अवसर पर क्षेत्रभर से आए लोग एक साथ शामिल होकर सामूहिक आस्था और एकता का संदेश देते हैं।

### जाहरवीर गोगा म्हाड़ी मेले का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शनिवार देर रात्रि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने मेला प्रधान सतपाल कश्यप, मास्टर नरेश सैनी, युवा भाजपा जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा को साथ लेकर सामूहिक रूप से जहावीर गोगा म्हाडी मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा प्राचीन जहावीर गोगा म्हाडी का मेला एक आस्था का केंद्र है। इसमें हिंदू मुस्लिम सभी का सहयोग रहता है। जिस पर श्रद्धालु अपने घर की सुख शांति के लिए नीला झंडा चढ़कर मनोकामना करते हैं। गोगा जाहरवीर म्हड़ी पर सुबह से लेकर देर शाम तक कस्बे वासी, आसपास के क्षेत्र के गांव के साथ-साथ विभिन्न जिले सहित अन्य राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, आदि से श्रद्धालु जहावीर गोगा म्हाडी पर नीला झंडा चढ़ाते हैं और अपने घर की सुख शांति समृद्धि के लिए मनोकामना करते हैं। मेले में आए श्रद्धालुओं ने आवश्यक वस्तु खरीदने साथ साथ हिंडोला, ब्रेक डांस, किसती, झूला, मेट्रो ट्रेन का लुप्त उठाया। इस दौरान अनिकेत कश्यप, योगी बाबा कमलनाथ, अंकुज चौधरी, रोकी चौधरी, नीरज कश्यप, भोपाल सिंह, सुरेश कश्यप, नवाब मास्टर, महिपाल, कश्यप, रमेश पंवार राझड, कर्मवीर सभासद, अनिल खटीक, बबल कुरैशी, अनुक. ूल गिरी, राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

### दोआब शुगर मिल में अभ्यास वर्ग संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** राष्ट्रीय डिस्टलरी श्रमिक संघ शामली का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को अपर दोआब शुगर मिल परिसर स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुआ। यह अभ्यास वर्ग सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश डिस्टलरी मजदूर संघ के उद्योग प्रभारी सुनील दत्त शर्मा ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए श्रम कानून, संगठनात्मक विषयों और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की जानक. ारी दी। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ सहारनपुर विभाग के सह विभाग प्रमुख प्रदीप कुमार, भारतीय मजदूर संघ शामली के जिलामंत्री रमेशचंद शर्मा, चीनी मिल कर्मचारी संघ शामली के अध्यक्ष विमल शर्मा और मंत्री विनोद ने भी श्रमिकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय डिस्टलरी श्रमिक संघ के अध्यक्ष सुमन्त तिवारी ने की। मौके पर राजपाल शर्मा, प्रदीप गौत्रा, तुर्सनपाल, ओमवीर, आदेश शर्मा, कर्मवीर सिंह, प्रमोद पाल, जसवीर, रविपाल, विनोद कुमार, विजय कुमार और अमरीश गुप्ता मौजूद रहे।

# 17 दिन बाद शव आया तो बरस पड़ी आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जिंदगी में कुछ करने की तमन्ना लिए, एक शख्स लम्हों में खो गया। 17 दिन बाद आए शव को देख पथरा गई आंखे फिर एक बार बरस पड़ी। सागर भटनागर की पार्थिव देह को रविवार को अग्नि के सपुर्द कर दिया गया। सागर भटनागर मणिमहेश भगवान की यात्रा के दौरान आई आपदा का शिकार हो गया था। रविवार को श्री शिवलोकपुरी श्मशान घाट में उनको मुखाग्नि दी गई



दुख की घड़ी में सभी लोगों की आंखें नम नजर आई। जिस समय मुखाग्नि उसके चेचेरे भाई आदित्य ने दी, तो माहौल फिर से गमगीन हो गया। दो सप्ताह की प्रतीक्षा के बाद सागर भटनागर का शव रविवार को उसके कालेज मार्ग स्थित आवास पर पहुंचा तो वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर बाद ही भारी भीड़ के साथ उसे श्री शिवलोकपुरी आश्रम ले जाया गया। सागर के चचेरे भाई आदित्य भटनागर ने जब मुखाग्नि दी तो माहौल में चीत्कार गूं. जने लगी तथा परिजनों के साथ वहां हर व्यक्ति के आंसू बह निकले। शव यात्रा में पूर्व चेयरमेन काजी नोमान मसूद, पूर्व सांसद प्रदीप के पुत्र अंशुमान चौधरी, जितेंद्र जागलान, बालाजी धाम के महंत सुशील शर्मा, ईश्वर दयाल गोयल, सुरेश पाल राणा, चौ. नक्षत्र सिंह, सभासद नीरज गोयल, रामलीला महोत्सव मंडल के संयोजक रघुनन्दन गोयल, जिला पंचायत सदस्य सुशील कुमार, लक्ष्मी नारायण मंडल, राम जन्मोत्सव समिति, सुदर्शन क्लब माता वैष्णों देवी धाम, जयहिंद समाजिक संस्था के अलावा धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक दलों के लोग शामिल रहे। सभी ने सागर को श्रद्धांजलि दी। बताते चले कि दस सदस्यीय दल 20 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला स्थित मणी महेश गया था।

बताया गया कि परिक्रमा के दौरा आई आपदा का शिकार गंगोह का सागर भटनागर हो गया था जिसमें उसकी मौत हो गई थी। भारी बारिश के कारण उस क्षेत्र में मरे लोगों के शव नीचे नहीं लाए जा सके थे। उधर प्रतीक्षा करते हुए परिजनों की आंखे पथरा गई थी लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल रहा था।

शनिवार को शव रास्ते में पडने वाले भरमोर थाना क्षेत्र में चिनूक हेलिकाप्टर द्वारा लाया गया। यहां से उसे चंबा ले आया गया था। शनिवार तीसरे पहर सडक मार्ग से सागर के शव को गंगोह लाया गया।

## धोखाधड़ी के दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस व एसटीएफ आगरा ने संयुक्त रूप से धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

वादिया श्रीमती बबीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी आरआई कम्पाउंड थाना सदर बाजार ने कोतवाली में आरोपियों द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी व छल करके उससे 6636750 रूपए हड़पने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। रविवार को कोतवाली सदर बाजार प्रभारी कपिल देव, उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम, उपनिरीक्षक देवीचररण, उपनिरीक्षक एसटीएफ लालसिंह आगरा के नेतृत्व में पुलिस व एसटीएफ आगरा की टीम ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित दो आरोपियों शक्ति सिंह व मंजीत गौर को ग्राम छिदबना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# सेंध लगाकर लाखों की नकदी व जेवर चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गांव कपुरी में बीती रात चोरों ने रुकमदीन पुत्र शब्बीर के घर में सेंध लगाकर एक लाख 72 हजार रुपये नकद और लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

नकुड कोतवाली अंतर्गत गांव कपुरी में शनिवार की रात चोरों ने रुकमदीन के घर में घुसकर अंदर रखीं अलमारी से नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित रुकमदीन ने बताया कि अलमारी से चोरों ने एक लाख 72 हजार रुपए की नगदी और सोने की एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी बालियां, चांदी की एक चोटी, एक जोड़ी पायजेब, एक जोड़ी दस्तबंद और अन्य सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना के समय पीड़ित रुकमदीन नेअपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था। सुबह उठने पर अलमारी में सामान बिखरा देखा और चोरी का पता चला। उन्होंने बताया कि यह सामान उनकी बेटियों की शादी के लिए रखा गया था, जो दो महीने में होने वाली है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद नकुड़ थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी, चौकी प्रभारी विकास चारण और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि गांव कपुरी में चोरी की घटना की जानकारी मिली है घटनास्थल का निरीक्षण किया है। चोरी का मामला संदिग्ध लग रहा है। पीड़ित द्वारा बताया गया है कि चोरी करते समय अलमारी का ताला नहीं तोड़ गया। चाबी उनके पास है। और करीब चार सदस्य जिस कमरे में चोरी हुई है उसमें सो गए थे। घटना संदिग्ध लग रही है। घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है उसे पर कार्रवाई की जा रही है। चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विधान सभा बेहट क्षेत्र के गांव दयालपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पूर्व हवन यज्ञ कर गांव में बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

रविवार से गांव दयालपुर के श्री शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व विधिवत पूजा अर्चना के बाद गांव में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। कथा के प्रथम दिन कथावाचक प. संजय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि जीवन में मनुष्य कितना भी यज्ञ, पूजन एवं दान करें, परंतु पितृ कृपा के बिना उसका संपूर्ण फल नही मिलता है। जब पितृ कृपा प्राप्त हो जाती है तो जीवन में धन, पुत्र, ऐश्वर्य, यश कीर्ति सुलभ हो जाती है ,श्रीमद्भागवत सुनने से मनुष्य देव ऋण ,ऋषि ऋण, पितृ ऋण,तीनो ऋण से मुक्त हो जाता है।

इस मौके पर प. पदम शर्मा, शुभम सैनी, गोरव सैनी, राजु सैनी, अभिषेक सैनी, शुभम शर्मा, प्रधान अनिल सैनी, करम सैनी पूर्व प्रधान, अनिकेत चौधरी हलवाना, डा संदीप सैनी, प्रिंस सैनी, दीपक सैनी, मा. अश्वनी सैनी, ममतेश सैनी, राजबा. ला, पुष्पा सैनी, पुनम सैनी, सरिता सैनी आदि मौजूद रहे।

## हत्या में पत्नी सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने हत्या के मामले में मृतक की पत्नी समेत दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। मृतक की पत्नी ने ही पति की हत्या में साजिश में शामिल रही।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को वादी ओमपाल पुत्र कबाड़ी निवासी ग्राम कपूरी गोविंदपुर थाना देवबंद ने कोतवाली लिखित तहरीर देकर बताया था कि 4 सितम्बर को आरो. पियों बेबी पुत्र सेन्धू, शुभम पुत्र अरविंद, मोधू पुत्र बीरबल व सोनिया पत्नी मोधू ने मिलकर एक षडयंत्र के तहत उसके भडाई सोनू उर्फ सोनी की हत्या कर दी है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ धारा-103(1)/61 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# हरोडा के ग्रामीणों ने पंजाब की मदद को बढ़ाए हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** पंजाब की बाढ़ से हालत खराब होने की जानकारी मिलते ही, हरोडा के ग्रामीणों ने पंजाब के लोगो की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

जावेद राणा की अपील पर ग्रामीणों ने दिल खोलकर सहायता सामग्री इकट्ठा की व छोटी छोटी राशन किट बनाकर पंजाब के लोगो की मदद के लिए चल दिये। हरोडा गांव से निकली राहत सामग्री की गाड़ी पंजाब की बाढ़ त्रासदी झेल रहे परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बन गई। ग्रामीणों ने राशन किट में खाने-पीने के समान से लेकर जरूरी सामान तक शामिल है। वरिष्ठ सपा नेता राव बाबर ने सहयोग कर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सब पंजाब के लोगो के साथ है। वही कड़ी



मेहनत में लगे पंजाब के शाही इमाम की मेहनत को भी सलाम किया। वही साथ रहे कांग्रेस पार्टी के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद गुलाब का भी धन्यवाद किया। सहयोग में राव सुहेल, राव पप्पू, राव दाऊद, राव ताहिर, अबरार राव, साहब राव, फरहम राव, अरहान राव, नदीम राव, तहमुर राव, जावेद राणां, राव आफताब, तबरेज राव, राव अमान, साबिर, मनोज धीमान, मोहित धीमान, शहजाद प्रधान, राव मोइन, मुन्नू राव, सदाकत राव, खालिद, आजम, अनस, जीशान, कमरी, राहत, राशिद राव, कैफ, वककार राव समेत ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया।

# दशलक्षण पर्व पर जैन समाज ने की उत्तम क्षमा धर्म की पूजा

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के श्री दिगम्बर 1008 श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर मे दशलक्षण धर्म पर्व के अवसर पर उत्तम क्षमा धर्म की पूजा की गई।

रविवार को जयपुर से आये विद्वान अंश जैन, सक्षम जैन ने मंदिर में भक्ति भाव से विशेष पूजा अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि उत्तम क्षमा का अर्थ है सर्वोच्च या असीमित क्षमाशीलता, जो कि जैन धर्म के दस धर्मों में से पहला और सबसे श्रेष्ठ धर्म है। इसमें मन, वचन और कर्म से किसी के प्रति द्वेष, राग या क्रोध न रखना शामिल है।

दूसरों की गलतियों को सहन करना, आत्म-शुद्धि करना, अहिंसा का पालन करना और मन वचन कर्म से क्षमा भाव रखना यह उत्तम क्षमा के अंतर्गत आता है। इन सबके अभ्यास से आत्मा शुद्ध होती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इस दौरान अर्चना में जैन समाज के सुधीर जैन, निशांक जैन, बिजेंद्र जैन, राजीव जैन, संजय जैन, अंकुश जैन, विजय जैन व महिला मंडल से अंजना जैन, चंदन जैन, ममता जैन, कुसुम लता जैन, राजेश जैन, नेहा जैन, पारुल जैन, शालनी जैन, कीर्ति जैन, दिव्य जैन, यशी जैन आदि लोग उपस्थित रहे।





**नकुड़।** जैन धर्म के पर्यूषण पर्व के विधि विधान और श्रद्धा भाव से पूर्ण होने पर रतनत्रय पूजा करते हुए शांतिनाथ भगवान को अर्घ समर्पित करते हुए शांतिनाथ भगवान की शांति धारा एवं शांति विधान किया गया।

पर्युषण पर्व के आखिरी दिन जैन मंदिर में सुबह से ही जैन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए शांति विधान में भाग लिया। शांति विधान करते हुए पंडित विजय कुमार जैन, नीलम जैन, वर्षा जैन, मनोज जैन, संजीव जैन सर्राफ ने बताया कि दशधर्म के आगमन से सुख का आगमन होता है, जिससे पांचो कषायो हिंसा, चोरी, झूठ, कुशील, परिग्रह का नाश होकर भाव निर्मल हो जाते हैं और मोक्ष का द्वार खुल जाता है। शांति विधान के अवसर पर जैन समाज के संरक्षक नमीसागर जैन, प्रीतम प्रसाद जैन, जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन एडवोकेट, महामंत्री आलोक जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन राजू ने पर्युषण पर्व के अंतर्गत सुबह को नियमित पूजा प्रक्षाल करने वालो एवं रात्रि में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता के लिए जैन मिलन, महिला जैन मिलन की भूरी भूरी प्रशंसा की। जैन मिलन के अध्यक्ष पंकज जैन सर्राफ, महामंत्री पंकज जैन ने बताया कि कल क्षमावाणी पर्व की पूजा की जाएगी।

## श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन को लेकर छिड़ा विवाद

**अंबेहटा।** उत्तर प्रदेश के जनपद के नगर अंबेहटा में श्रीरामलीला महोत्सव के आयोजन को लेकर तनाव की स्थिति बन गई है।चार सालों से नगर में श्रीरामलीला का भव्य मंचन करने वाली समिति ने श्रीरामलीला मंचन की तैयारियां पूरी कर चुकी। हाल ही में नगर में नई समिति का गठन हुआ हैं।

पूरानी और नई समितियों के बीच श्री रामलीला मंचन को लेकर विवाद छिड़ गया है। दोनों समितियों ने पुलिस प्रशासन से श्रीरामलीला मंचन के लिए अनुमति मांगी है, जिसके चलते मामला और उलझ गया है। पुरानी समिति ने दावा किया है कि उन्होंने लंबे समय से इस धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया है और इस बार भी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने पुलिस प्रशासन को अनुमति के लिए आवेदन पहले ही जमा कर दिया है। दूसरी ओर, नई समिति ने भी श्रीरामलीला के मंचन का दावा करते हुए प्रशासन से अनुमति मांगी है। विवाद नकुड पालिका के चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता के दरबार में जा चुका है। लेकिन नई समिति ने चेयरमैन के सुझाव को मानने से इनकार कर दिया था।इस विवाद के चलते नगर में तनाव का माहौल है। दोनों समितियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का विवाद श्रीरामलीला जैसे पवित्र आयोजन की गरिमा को प्रभावित कर सकता है। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी का कहना है कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने दोनों समितियों से शांति बनाए रखने और आपसी सहमति से मामले को सुलझाने की अपील की है।

# जीएसटी कटौती स्लैब पर सरकार का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह उद्योग व्यापार मंडल गंगोह द्वारा जीएसटी कटौती स्लैब के लिए एक ज्ञापन निर्मला सीतारमण के नाम जिलाधिकारी सहारनपुर को दिया था और कुछ समय पश्चात ही जीएसटी कटौती स्लैब की सूचना मिलने लगी थी।

जिला अध्यक्ष मोल्हड मल गर्ग व युवा इकाई के अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस पर जल्दी निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री की इस तुरंत कार्रवाई के लिए जिला अध्यक्ष व युवा इकाई अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार का इसके लिए धन्यवाद दिया है।

अध्यक्ष मोहल्ड मल गर्ग ने कहा कि जीएसटी दरे घटने से रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं सस्ती होगी तथा मध्यम व गरीब परिवार को लाभ मिलेगा।

युवा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहां कि शिक्षा के विकास में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर भी स्लैब कम किया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता को दिवाली पर एक नया तोहफा दिया है क्योंकि सनातन धर्म में दिवाली पर सबसे च्यादा वस्तुएं खरीदी जाती हैं। जिसमें घरेलू उत्पाद से लेकर कार, बाइक, मकान आदि यही वस्तुएं सबसे च्यादा खरीदी जाती है।

उन्होने कहा कि स्लैब कम होने से वस्तुएं सस्ती होगी और खरीदारी अधिक होगी जिससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

# पुलिस ने दुष्कर्म व अपहरण के आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। इस के अलावा पुलिस ने युवती का अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किए है।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी कल सिया तिराहे पर खड़ा है।पुलिस ने काका उर्फ विशाल पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम माझींपुर थाना बेहट को कलसिया तिराहे से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। उधर कोतवाली में एक व्यक्ति ने एक युवक पर युवती का अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए युवती का अपहरण करने वाले आरोपित शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मल्हीपुर पठानपुरा थाना रामपुर मनिहारान को सहारनपुर को 24 घंटे के अंदर उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के कस्बा रुड़की रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपहर्ता को भी सकुशल बरामद किया गया। पकोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल राठी ने बताया कि दोनों आरोपितों का चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे है

**सूचना**

मेरे पुत्र स्व. सोमेन्द्र सिंह सेना मे कार्यरत था, रैंक नायक न. 15347039 H की मृत्यु के बाद पता चला कि मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेज में मेरा नाम व जन्मतिथि गलती से जय इन्दर सिंह व 01-01-1958 दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम जय इन्द्र व जन्मतिथि 02-08-1967 है।

**जय इन्द्र निवासी गांव चौरा, पो. नानौता सहारनपुर।**

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर।**

पत्रांक 1052 / 2-1, दिनांक, सहारनपुर, 06 सितम्बर 2025

**नोटिस**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय की विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024, दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर में कार्य करने वाले/कर रहे दैनिक श्रमिकों को वेतनमान का न्यूनतम वेतन रू. 18000/- प्रतिमाह अनुमन्य किये जाने की पात्रता पर विचारण हेतु इस कार्यालय की पत्र संख्या 1044/2-1, दिनांक 06.09.2025 द्वारा समिति का गठन किया गया है।

अतः यदि किसी व्यक्ति के पास अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024. दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप न्यूनतम वेतन प्राप्त करने हेतु अभिलेख उपलब्ध हैं तो अभिलेखों सहित प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर के 82 राजविहार कालोनी, पेपर मिल रोड, सहारनपुर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त गठित समिति को अपने अभिलेख 03 दिन के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**( शुभम सिंह ) प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर।**

# छुटमलपुर में तिरंगा स्थापना की शिकायत पर बना विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में देहरादून रोड पर घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण और 110 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) स्थापना कार्य को लेकर स्थानीय सभासदों द्वारा की गई शिकायतों ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस मामले में अवर अभियंता नीरज कुमार ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण दिया है, जिसमें उन्होंने शिकायतों को निराधार बताया और कार्यों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पर डाली है।



जानकारी के अनुसार घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण कार्य का कुल प्राक्कलन 20,00,600 रुपये (18% जीएसटी सहित) और 110 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापना का प्राक्कलन 22,57,600 रुपये (18% जीएसटी सहित) है। दोनों प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अनुमोदित दरों के आधार पर तैयार किए गए हैं। सौंदर्यीकरण कार्य में पुरानी क्षतिग्रस्त ईंटों को हटाने, नींव की खुदाई, कंक्रीट कार्य, ईंटों का निर्माण, प्लास्टर, टाइल्स, पेंटिंग, स्टेनलेस स्टील रेलिंग, फव्वारा, और एलईडी लाइट्स जैसे कार्य शामिल हैं। वहीं, तिरंगा स्थापना कार्य में मास्ट पोल, गैल्वेनाइज्ड कोटिंग, फाउंडेशन, और अन्य सिविल कार्य शामिल हैं। इस मामले पर अवर अभियंता नीरज कुमार ने अपने पत्र में कहा कि तिरंगा स्थापना के प्राक्कलन को पीडब्ल्यूडी की दरों के आधार पर तैयार किया गया है, जो पूरी तरह सही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तिरंगा और स्ट्रीट लाइट से संबंधित निविदाएं अधिशासी अधिकारी द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई थीं, जिनके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। साथ ही, इन कार्यों का निरीक्षण भी अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया, इसलिए कार्यों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी उनकी है। नीरज कुमार ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी विपरीत स्थिति के लिए अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

पुरे मामले में स्थानीय सभासदों ने घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण और तिरंगा स्थापना कार्य में अनियमित. ताओं का आरोप लगाया है। हालांकि, शिकायतों का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन अवर अभियंता के पत्र से यह स्पष्ट है कि मामला प्राक्कलन और कार्य की गुणवत्ता से संबंधित है।

अवर अभियंता ने इस मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी, तहसील बेहट, और अपर जिलाधिकारी, सहारनपुर को भी प्रेषित की है। यह मामला अब प्रशासन के संज्ञान में है, और इसकी जांच की संभावना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि जनता का विश्वास बना रहे। छुटमलपुर में घास मंडी तिराहे का सौंदर्यीकरण और राष्ट्रीय ध्वज स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए हैं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव को भी प्रदर्शित करते हैं। हालांकि, इन कार्यों से जुड़े विवादों ने प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। अब यह देखना बाकी है कि इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है।

# बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को तेल नहीं देना बेहतर कदम : वीरेन्द्र राजपूत

**चांदपुर।** बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं आदेश अच्छा है। मगर इसमें दिक्कते वाहन चालक से ज्यादा पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने हो सकती है। अक्सर देखा गया है कि युवा बिना हेलमेट के जबरन पेट्रोल पम्प कर्मी पर दबाव बनाते है, गुण्डागर्दी करते है, यहां तक की मारपीट तक उतारू हो जाते है।



समाजसेवी वीरेन्द्र राजपूत का कहना है कि बिना हेलमेट किसी भी दुपहिया वाहन चालक को तेल नहीं देना चाहिए, मगर इस सिस्टम को फॉलो करने के लिये पुलिस को पहले एक अभियान चलाने की जरूरत है। जिसमे लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। पुलिस की ड्यूटी पम्प पर लगी रहने से दुपहिया वाहन चालकों की संख्या घटने, पम्प पर आने पर उसका चालान कटने का डर उसे सतायेगा आदि कई बाते है। उनका कहना है कि सड़क पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन नहीं चलने दिया जाये, हेलमेट अनिवार्य होना चाहिए। इस बीच गत दिवस एक बैठक पुलिस और पम्प स्वामियों के बीच भी हुई, जिसमें पम्प स्वामियों ने बिना हेलमेट दुपहिया वाहना चालकों को तेल नहीं पर अपनी-अपनी बात रखी। जिसमें कहा भी गया कि यह कैसे पहचाना जाये कि हेलमेट लगाये वाहन चालक कोई बदमाश तो नहीं, पम्प सेल्समेन को ही लूट ले भागे? ऐसे कई सवाल आये। पम्प स्वामियों ने कहा कि पुलिस पम्पों से कुछ दूरी पर वाहन चैकिंग करे, बिना हेलमेट वाहन चालकों को पकड़े, पम्प पर जमे रहने से उनके व्यापार प्रभावित होगा। ऐसे में पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने बड़ी समस्या है जिसको लेकर वे चिंतित ही नहीं बल्कि अपने घटते व्यापार को लेकर भी पशोपेश में है। पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे ही काफी नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ड्यूटी हो तो ज्यादा बेहतर रहेगा। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले का चालान अवश्य काटा जाना चाहिए।

# बाइकों की हुई टक्कर में युवक गंभीर घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगिरो की सहायता से घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नानौता निवासी 24 वर्षीय आरिफ देर रात बाइक पर सवार होकर पिरान कलियर से वापस अपने घर लौट रहा था। जब वह देवबंद-रुड़की मार्ग स्थित मानकी गांव के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसमें आरिफ घायल हो गया। जिसे पुलिस ने राहगीरों की मद्द से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दूसरा बाइक सवार कौन था इसके बारे में जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान श्री गणेश की मूर्तियों का किया विसर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** गणेश महोत्सव के अंतिम दिन शिक्षक नगर से साखन नहर तक शोभायात्रा निकाल भगवान श्री गणेश की मूर्तियों का पवित्र सरोवरों में विधिविधान के साथ विसर्जन किया गया। अनंत चतुर्दशी पर भक्तों द्वारा शिक्षक नगर से निकाली गई शोभायात्रा का उद्घाटन भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने किया। शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ शिक्षक नगर से होते हुए हाईवे स्थित साखन नहर पहुंची। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। साखन नहर पर आरती के बाद भगवान गणेश की मूर्तियों को अगले वर्ष शीघ्र आने का आमंत्रण देते हुए विसर्जित किया गया। इस मौके संयोजक आरती, प्रीति, राममोहन सैनी, बिजेंद्र गुप्ता, राहुल शर्मा, रिया गुप्ता आदि श्रद्धालू शमिल रहे।



# घर-घर यज्ञ, हर घर यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** आर्य उप प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में चल रहे घर-घर यज्ञ, हर घर यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को 51 घरों में वैदिक यज्ञ हुआ। इस दौरान आयोजकों को काला. ेनीवासियों की ओर से सम्मानित किया गया।



शिक्षक नगर में अनिल त्यागी के आवास पर हुए कार्यक्रम में डा. सुरेंद्र आर्य ने कहा कि यज्ञरूप परमेश्वर की उपासना करने से मानव जीवन उत्कृष्ट बनता है। ईश्वर का रूप सुख देने वाला है। प्राणी मात्र का भला करके ही उसकी सच्ची भक्ति होती है। अमरेश आर्य ने कहा कि हमें ईश्वर की उपासना कर ईश्वर के गुणों को अपनी आत्मा में धारण कर परोपकार कार्यों में लगना चाहिए। जनेश्वर आर्य ने बताया कि घर घर यज्ञ हर घर यज्ञ कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान विश्व शांति, सुख समृद्धि की कामना की गई। अध्यक्षता जनेश्वर आर्य व संचालन चौधरी विपिन आर्य ने किया। इस मौके पर नरेश आर्य, महिपाल आर्य, पंकज आर्य, मुकेश आर्य, अजब सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया सचिन पायलट का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** गुर्जरों के गौरव पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट के पुत्र सचिन पायलट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेरियों ने केक काटकर उनकी दीर्घायु की कामना की।

विधान सभा क्षेत्र के गांव चौंदाहेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राव कुर्बान अली, पूर्व विधान परिषद सदस्य चौ. गजे सिंह के पुत्र युवा नेता दीपक पंवार, किसान यूनियन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष शुभाष चौधरी ने कहा कि सचिन पायलट गुर्जरों का गौरव है। वह अपने पिता राजेश पायलट के बताये मार्ग और उनकी नितियों पर चलते हुए कुशल राजनीतिज्ञ है। दोनों ने ही गुर्जर समाज का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होने सचिन पायलट की नीतियों और नेतृत्व की सराहना करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं व युवाओं से उनके चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।



वहीं, बन्हेड़ा खास, मझोल, जटोल आदि गावं में भी सचिन पायलट का जन्मदिन धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सुधीर कुमार, दीपक, विशाल गंदासपुर, शुभम, आदित्य कुमार समेत काफी संख्या में गुर्जर समाज के लोग शामिल रहे।

# चैकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान पठानपुरा घास मण्डी निवासी नदीम पुत्र मतीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी वांछित अभियुक्तो को बख्शा नहीं जायेगा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद को आगे आए लोग

**देवबन्द।** पंजाब बाढ़ प्रभावित परिवारो के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो से लोग सहयोग कर रहे हैं। यूपीएससी टॉप्पर आईएफएस अधिकारी सदफ चौ. की मोसी ने भी गुरूद्वारा पहुंचकर गुरूद्वारा कमेटी को 11000 रूपय की राशी पंचाब के बाढ़ प्रभावित लोगो के लिए दी। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से जानकारी दी गई कि शीघ्र ही खाद्य एवं अन्य सामग्री पंजाब के प्रभावित परिवारो के लिए भेजी जायेगी।



गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि पंजाब बाढ़ प्रभावित की मदद के लिए गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सभा में सामान एकत्र किया जा रहा है। जिसे योजनाबद्ध तरीके से कमेटी पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों में वितरित करेगी। ग्रामीणों के सहयोग से गुरुद्वारा साहिब का बरामदा अनाज व अन्य सामान से भर गया है। उन्होंने बताया कि दुगचाड़ी, दिवालहेड़ी, चंदपुर, झबीरन, भायला, मकबरा, मानकी और नगर के लोग बड़ी मात्रा में गेंहू, चावल, पानी की बोतल, रस, तेल, चना व दाल पहुंचाई है, जबकि नगदी की भी सेवा आ रही है। इस दौरान सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, बालेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह उप्पल, सचिन छाबड़ा, राजेश अजमानी,अमनदीप सिंह, गगनदीप सिंह, प्रिंस कपूर आदि गुरूद्वारा समिति के लोग शामिल रहे।

# शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**देवबन्द।** जामिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियों के साथ शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शिक्षको को सम्मानित किया गया।



सहारनपुर हाईवे स्थित जामिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सचिव डॉ. अनवर सईद ने फीता काटकर उदघाटन करने के उपरांत कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, वह न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और नैतिक मूल्यों की नींव भी रखते हैं। डॉ. अख्तर सईद ने कहा कि शिक्षक कॉलेज में अभिभावक के रूप में होता हैं। इसलिए शिक्षको का सम्मान करना चाहिए तभी बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य मो. शारिम, आयशा परवीन, आसिफ तुर्की, रुपा लांबा, मो. फैजी, डॉ. फुरकान, अजय राणा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# खोया बच्चा मिलते ही मां-बाप के आंसू छलके

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खतौली।** खतौली भूड़-जानसठ मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक रोते-बिलखते बालक को तीन घंटे में सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर मानवता की मिसाल पेश की। रविवार को लाडपुर चौकी प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह और कॉस्टेबल रोहित कुमार चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें लगभग दस वर्षीय बच्चा सड़क किनारे रोते हुए मिला। बच्चा इधर-उधर घूम रहा था और खुद को संभाल नहीं पा रहा था। पुलिस ने तुरंत उसे पकड़कर कोतवाली लाया और प्रेमपूर्वक पूछताछ की। बच्चे ने अपना नाम प्रिंस पुत्र रोहतास निवासी मधुबन रोड फलावदा बताया। जानकारी मिली कि वह भीड़ में अपने परिवार से बिछड़ गया था और तीन घंटे से इधर-उधर घूम रहा था। पुलिस ने तुरंत उसके परिवार से संपर्क किया। सूचना मिलने पर प्रिंस के माता-पिता सहित अन्य परिजन कोतवाली पहुंचे। अपने बेटे को सकुशल देखकर उसकी मां की आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। उसने बेटे को गले से लगाकर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने कहा कि पुलिस हमेशा आमजन की सेवा के लिए तत्पर है और किसी भी परिस्थिति में सहायता प्रदान करेगी। पुलिस ने बच्चे को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम की संवेदनशीलता और तत्परता की भरपूर सराहना की।

# ज़ोया रईस ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**खतौली।** होनहार बेटी जोया रईस ने अपनी मेहनत और लगन से NEET परीक्षा क्वालिफाई कर के अपने परिवार, समाज और पूरे नगर का नाम रोशन कर दिया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि बेटियां अगर ठान लें तो हर मंजिल आसान हो जाती है।

जोया रईस अब BAMS में दाखिला लेकर आगे चलकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। उनका सपना है कि वे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को सही इलाज उपलब्ध कराएं और समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया उजाला फैलाएं। जोया रईस की इस सफलता ने न केवल उनके माता-पिता और परिवार का मान बढ़ाया है बल्कि खतोली की हर बेटी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। खतौली के सेवा ट्रस्ट के कार्यक्रम में जोया रईस की उपलब्धि पर चेयरमैन हाजी शाहनवाज लालू ने उनका हौसला अफजाई कर प्रतीक चिन्ह व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया।




# थाने में खड़ी जीप गायब, बेचे जाने की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**कांधला।** नगर में थाना प्रांगण में नीलामी के दौरान एक जीप का गायब हो जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान थाना प्रभारी से मामले में अनभिज्ञता दर्शाई है।

नगर में थाना प्रांगण में चार जौलाई को पुराने वाहनों की नीलामी कराई गई थी, उक्त नीलामी के दौरान 49 वाहनों की नीलामी की गई थी। इस दौरान नीलाम किए गए वाहनों में एक जीप भी गायब हो गई है। जीप मालिक गांव गंगेरू निवासी इंतजार ने बताया कि उसके पास एक जीप संख्या भ्त्21। 6967 थी, जिससे वर्ष 2014 में गांव भभीसा के समीप एक दुर्घटना हो गई थी, जिसमें गांव लिलौन निवासी नरेश पुत्र चंदन सिंह व गांव धोलारा थाना मुजफ्फरनगर निवासी गुड्डू पुत्र वीरसैन की मौत हो गई थी तथा गुलाब पुत्र जगबीरा गंभीर रूप से घायल हो गए था। उपरोक्त मामले में वादी नीटू पुत्र ओमवीर गांव लिलौन की तरफ से थाना कांधला पर



मुकदमा अपराध संख्या 270ध्14 धारा 279, 337, 338, 427, 304ए भादवि चालक अरविन्द कुमार पुत्र लाल सिंह उर्फ लार्वा जाटव ग्राम टांडा माजरा थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ दर्ज हुआ था। उपरोक्त अभियोग कैराना न्यायालय में विचाराधीन है, तथा वादी व प्रतिवादी अपनी तारीखों पर उपस्थित होकर मुकदमें की पैरवी कर रहे है।

मुकदमें के चलते अभी तक उक्त जीप को थाने से छुडवाया नही जा सका था, तथा वह जीप तब से कभी थाना प्रांगण तो कभी थाने के बाहर खडी कर दी जाती थी, किन्तु 04 जौलाई को की गई नीलामी के बाद उक्त जीप मौके से गायब हो गई। चर्चा है कि उपरोक्त जीप को एक कबाडी को थाने के द्वारा बेच दिया है। उपरोक्त मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि जिस जीप के गायब होने की बात सामने आ रही है, वह जीप थाना प्रांगण में थी ही नही, जीप कहां गई यह उनके संज्ञान में नही है।

# जयंत चौधरी ने सांसद निधि से निर्मित इनडोर कबड्डी मैदान का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**कांधला।** क्षेत्र के कनियान गांव में चौधरी रतन पौडिया खेल परिसर के अंतर्गत 25 लाखरूपये की लागत से निर्मित स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह इनडोर कबड्डी मैदान का भव्य उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा किया गया। यह आधुनिक खेल संरचना सांसद निधि से तैयार कराई गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में प्रोत्साहित करना और उन्हें देश-प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित करना है।उद्घाटन समारोह में मंत्री जयंत चौधरी ने कहा,युवा शक्ति ही देश की असली ताकत है। हम सबका कर्तव्य है कि खेलों को बढ़ावा दें ताकि बच्चों में खेल भावना के साथ-साथ राष्ट्रीय पहचान भी मजबूती से स्थापित हो।



उन्होंने आगे कहा कि,इस प्रकार के खेल मैदान से क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बढ़ेगा. जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को उभरने का उचित अवसर मिलेगा।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और समाज के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।यह कदम क्षेत्र में खेल की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है, जो न केवल युवा खिलाड़ियों के विकास में सहायक बनेगा, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को भी बढ़ावा देगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल के बड़े भाई दीपेंद्र निर्वाल का निधन







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** गत 29 अगस्त को पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष तेज. ेंद्र निर्वाल के बड़े भाई दीपेंद्र निर्वाल का अकस्मात निधन हो जाने के बाद रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने पहुंचकर परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल के आवास पर केंद्रीय राज्यमंत्री व आरएलडी सुप्रीमो जयंत चौधरी पहुंचे। उन्होंने तेजेंद्र निर्वाल के परि. जनों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर सांत्वना दी तथा अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का भी तेजेंद्र निर्वाल के यहां आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर अपनी शोक संवे. दना व्यक्त की तथा अपनी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ-साथ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक राव वारिस, लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर सुधीर सैनी, भूपेंद्र चौहान बिजनौर, शिवकुमार राणा, यशपाल पंवार, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, चेयरमैन अरविंद संगल, कांधला चेयरमैन नजमुल इस्लाम, एलम चेयरमैन अश्वनी पंवार, ऊन चेयरमैन प्रदीप चौधरी, जयदेव मलिक, सलमान अहमद, दीपक कोरी, शिवेंद्र सिंह, पंकज राणा, भूपेंद्र शर्मा, पीयूष सैनी, संदीप नामदेव आदि ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जैन धर्मशाला में मुनि विव्रत सागर का प्रवचन, क्षमा और क्षमावाणी पर्व की सार्थकता पर दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** रविवार को जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने क्षमा के महत्व और क्षमावाणी पर्व की सही भावना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।



मुनिराज ने कहा कि क्षमा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आत्मशुद्धि का मार्ग है। सच्ची क्षमा वही है जिसमें पश्चाताप के आंसू हों और हृदय से भाव निकलें। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि क्षमावाणी का अर्थ केवल मित्रों या परिजनों से क्षमा मांगना नहीं, बल्कि उन सबसे क्षमा मांगना है जिनसे मनमुटाव रहा है। उन्होंने बताया कि क्रोध, मान और अभिमान हमें भीतर से कमजोर करते हैं और भगवान आत्मा को कष्ट पहुंचाते हैं। दूसरों पर क्रोध रूपी कचरा डालने से पहले स्वयं का हाथ जलता है क्योंकि उसका कर्मबंध हमें ही होता है। मुनिराज ने चेताया कि यदि बैर भाव लंबे समय तक बना रहे तो यह आत्मा को मिथ्यात्व की ओर ले जाता है। प्रवचन में उन्होंने परिवारिक संबंधों पर भी जोर दिया और कहा कि भाई-भाई के बीच जमीन-जायदाद को लेकर झगड़े अनुचित हैं। माता-पिता की डांट या फटकार भी उनके स्नेह का रूप होती है। उन्होंने आ]वान किया कि सभी बिना किसी द्वेष के हृदय से क्षमा मांगें और क्षमा दें। कार्यक्रम की शुरुआत चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट से हुई। प्रवचन के उपरांत गुरुवर के निर्देशानुसार उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से क्षमा याचना की। अंत में जिन प्रभावना मंच की ओर से व्रत-उपवास करने वाले श्रद्धालुओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में

# भारतीय टीम ने जीता सोना




● **ऋषभ, अमन सैनी और प्रथमेश की पुरुष कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने फ्रांस को 235-233 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह पहला मौका है जब भारत ने पुरुष कम्पाउंड टीम स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही और वे पहले सेट में 57-59 से पीछे हो गए। हालांकि इसके बाद टीम ने शानदार वापसी की और हर सेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की चुनौती को 235-233 से खत्म किया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में मात दी, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 234-233 से हराया और सेमीफाइनल में तुर्की पर 234-232 से जीत दर्ज की। भारत के युवा तीरंदाज ऋषभ यादव ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ऋषभ ने क्वालिफिकेशन में 709 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया और मिश्रित टीम स्पर्धा में भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारत की शीर्ष कम्पाउंड महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत जीता। दोनों ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# भारत-पाक के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

**दुबई, वार्ता।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गई। वहीं रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिलटग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था।




● **भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला जिसमें प्रत्येक बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया**

पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की।

उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई।

ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं।

## नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है।

# सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

● **आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा को हराकर लगातार दूसरी बाद जीता खिताब**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता।

शनिवार रात खेले गए मुक. ाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में



लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुक. ाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालें. का के जोरदार प्रहारों का मुक. ाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमे. रिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया।

## भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम करेगी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम से मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की 24 सदस्यीय टीम, जिसमें अधिकांश निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग में चार से छह के बीच रैंक किए गए हैं, विश्व के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण की शुरुआत निंगबो, चीन में हो गई है। मंगलवार (9 सितम्बर 2025) से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज, 10 स्वर्ण पदकों के लिए निशाना साधेंगे।

● **मंगलवार से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज हिस्सा लेंगे**

निंगबो में चार मौजूदा ओलंपिक चैंपियनों सहित दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा लेंगे, जहां वे नवम्बर में काहिरा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

कुछ निशानेबाज दिसंबर में दोहा में होने वाले सीजन के समापन आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद में यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### एआईएफएफ ने सुपर कप के लिए तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति शनिवार को वर्चुअल रूप से एकत्रित हुई और एआईएफएफ की व्यावसायिक संपत्तियों के प्रबंधन और मुद्रीकरण के अधिकारों को सीमित अवधि के लिए प्रदान करने हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए महासंघ के कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) प्रक्रिया को मंजूरी दी। एआईएफएफ ने इसके साथ ही सुपर कप की तारीखों को भी अपनी मंजूरी दे दी। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए, कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) गठित करने का संकल्प लिया।

### पाक अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को लाहौर में खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड ने सैम को किया टीम में शामिल

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है। ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है।

चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनलवसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवम्बर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था । चयनकर्ताओं

● **चयनकर्ताओं ने सैम करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है**

को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है।

30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार है:-** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

**आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:-** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

## स्वतंत्र परीक्षण में सुब्रायन का बॉलिंग ऐक्शन वैध

**दुबई, वार्ता।** स्वतंत्र परीक्षण केंद्र ने दक्षिण अफीका के ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रीनेलान सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन वैध पाया है। अब तक एक टेस्ट और एक एकदिवसीय मैच खेल चुके सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में संदिग्ध पाया गया था। हालांकि सुब्रायन को गेंदबाजी से रोका नहीं गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आराम देते हुए ऑस्ट्रेलिया में आगे न खिलाने का फैसला किया और इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया था। सुब्रायन का 26 अगस्त को ब्रिस्बेन में परीक्षण किया गया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक बयान में पुष्टि की गई कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर के भीतर था।

# आखिरी क्षणों की पेनल्टी से भारत को कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**दोहा, वार्ता।** एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदों पर कल रात पानी फिर गया जब ब्लू कोल्ट्स को दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में मेजबान कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप एच के एक कड़े मुक. ाबले में, भारत ने खेल के अधिकांश समय कतर से बराबरी की, लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी और डिफेंडर प्रमवीर को मिले रेड कार्ड के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के साथ कतर दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि भारत तीन मैचों में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मजबूत घरेलू प्रशंसकों के उत्साहवर्धन के बीच मेजबान टीम ने शानदार शुरुआत की और 18वें मिनट में बढ़त बना ली जब अल हाशमी मोहियालदीन ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े और एक लूपिंग हेडर को नेट में डाल दिया, जिससे भारतीय रक्षा पंक्ति स्तब्ध रह गई। मुख्य कोच नौशाद मूसा के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती दबाव को झेला और धीरे-धीरे मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

पार्थिब गोगोई और मोहम्मद सन्नन के जरिए मौके आए, जिनकी गेंदों ने मुश्किलें तो पैदा कीं, लेकिन वे निर्णायक साबित नहीं हुईं। आखिरकार 52वें मिनट में इनाम मिला। मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन ने गेंद को बीच में ही रोक लिया और काउंटर अटैक शुरू किया, जिसका अंत सन्नन के सटीक क्रॉस से हुआ, जो मोहम्मद सुहैल के लिए था। स्ट्राइकर ने बिना कोई गलती किए, अपने मार्कर से ऊपर उठकर गेंद को गोल में पहुंचाया और बराबरी हासिल की। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 67वें मिनट में, कतर ने तेजी से हमला किया और बॉक्स के अंदर नूरेलदीन इब्राहिम पर प्रमवीर के गलत समय पर किए गए टैकल ने रेफरी को स्पॉट की ओर इशारा करने पर मजबूर कर दिया। पहले से ही बुक किए गए डिफेंडर को आउट करार दिया गया, जिससे भारत की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। जसीम अल शरशानी ने आगे बढ़कर पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे गोलकीपर साहिल सही दिशा में डाइव लगाने के बावजूद गलत दिशा में चले गए। एक गोल और एक खिलाड़ी से पिछड़ने के बावजूद भारत ने हार मानने से इनकार कर दिया। गोलकीपर साहिल ने लगातार बेहतरीन बचाव करके अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, अब्दुलअज़ीज हसन और मोहम्मद सुराग को नाकाम करते हुए कतर ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

## न्यूजीलैंड की पुरुष-महिला हॉकी टीमों ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

● **न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता**

**जर्मनी, वार्ता।** ओसनिया कप 2025 आज ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में संपन्न हुआ। न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिताएं जीतकर तीन-तीन मैचों की श्रृंखला के बाद महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता।

इस जीत का मतलब था कि ब्लैक स्टिक्स की महिला टीम ने आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप, बेल्जियम और नीदरलैंड्स, 2026 के लिए ओसनिया की चैंपियन टीम के रूप में क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के माध्यम से विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी, और दूसरे स्थान पर रहने के बाद, न्यूजीलैंड की पुरुष टीम भी आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम के साथ जुड़ गई।

न्यूजीलैंड की जीत के बाद उसकी कप्तान ओलिविया शैनन ने कहा कि विश्व कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले साल हम पेरिस के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और मुझे लगता है कि इस सीरीज ने पेरिस के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बावजूद हमारे अंदर मौजूद उस संघर्ष, उस लचीलेपन और ऊर्जा को दर्शाया है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम खाली हाथ नहीं लौटी क्योंकि ओसनिया से सीधे विश्व कप क्वालीफिकेशन स्थान उसका था।

# पुजारा ने इंडियन हेल्थकेयर लीग का शुभारंभ किया



● **लीग का उद्देश्य चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरुकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** व्हाइटकोट स्पोर्ट्स ने आज इंडियन हेल्थकेयर लीग का अनावरण किया, जो विशेष रूप से डॉक्टरों के लिए समर्पित एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। एक स्वास्थ्य पहल से कहीं बढ़कर, यह लीग खुद को दोहरे उद्देश्य वाले एक शक्तिशाली आंदोलन के रूप में स्थापित करती है - कैंसर जागरूकता को अपना प्राथमिक मिशन बनाना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य को अपना द्वितीयक उद्देश्य बनाना। इसके साथ, यह भारत की सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली डॉक्टर-केंद्रित पहलों में से एक बनने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर प्रोफेशन्ल्स समाज की रीढ़ हैं, फिर भी व्यस्त दिनचर्या, लंबे समय तक काम करने और तनावपूर्ण वातावरण के कारण उनका शारी. रिक और मानसिक स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

इंडियन हेल्थकेयर लीग की स्थापना इसी कमी को पूरा करने के लिए की गई थी-डॉक्टरों को खेल के आनंद के माध्यम से तरोताजा होने, जुड़ने और फलने-फूलने के अवसर प्रदान करना, साथ ही चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना। इस अवसर पर, व्हाइटकोट स्पोर्ट्स के सीएमडी, डा. राहुल मंगल ने कहा कि व्हाइटकोट स्पोर्ट्स में, हम डॉक्टर-फर्स्ट की नीति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इंडियन हेल्थकेयर लीग न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के बारे में है, बल्कि हमारे समय की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं-कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य - को संबोधित करने के बारे में भी है। डॉक्टरों को खेल में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रभाव पैदा करना है जहां स्वस्थ डॉक्टर मजबूत समुदायों का नेतृत्व करें, साथ ही यह लीग उन मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाए जो पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कई प्रमुख डॉक्टर उपस्थित रहे। लॉन्च के दौरान, चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंडियन हेल्थकेयर लीग वास्तव में एक अनूठी पहल है जो उन लोगों के स्वास्थ्य का जश्न मनाती है जो हमें स्वस्थ रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और डॉक्टरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का इसका मिशन इसे एक खेल आयोजन से कहीं बढ़कर बनाता है। यह बदलाव का एक मूवमेंट है। मेरा मानना है कि इस लीग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की क्षमता है, जो न केवल डॉक्टरों को बल्कि पूरे समाज को फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य और खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। इंडियन हेल्थकेयर लीग के पहले सीजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह गतिशील फ्रेंच. इजी टीमें शामिल हैं।

### साउथ और सेंट्रल जोन के बीच होगी दलीप ट्रॉफी में खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। साउथ जोन को मिली बड़ी बढ़त गुरजपनीत सिंह (चार विकेट) और एम डी निधीष (तीन विकेट) के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 52) के शानदार प्रदर्शन के दम पर साउथ जोन ने 270 रनों की बड़ी बढ़त के साथ रविवार को ड्रॉ हुए पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं छह बल्लेबाजों शुभम शर्मा (96), दानिश मालेवर (76), कप्तान रजत (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से बनाये गए 600 रनों के विशाल स्कोर साथ फाइनल में जगह बना ली। यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन नॉर्थ जोन ने कल के पांच विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई पीईटी परीक्षा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 दूसरे दिन सभी 43 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सकुशल एवं नकलविहीन सम्पन्न हो गई। परीक्षा के दौरान परीक्षा पर्यवेक्षक लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 जनपद के 43 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में कराई जानी थी जो आज दूसरे दिन रविवार को दो पालियों में सम्पन्न हो गई। परीक्षा दो पालियों (प्रथम पाली: प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली: अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक) में आयोजित की गई। जिले में कुल 43 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें कुल 19986 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। इनमें से प्रथम पाली में 14413 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में 14168 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार औसत उपस्थिति 74.69 प्रतिशत रही, जबकि अनुपस्थित परीक्षार्थियों का प्रतिशत 25.31 रहा। इस दौरान परीक्षकों पर्यवेक्षकों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा इंचार्ज एवं कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा को लेकर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। रेलवे विभाग ने भी परीक्षा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रखा था तथा स्टेशन पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पुलिसकर्मी तैनात कर रखे थे जो अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र आदि के बारे में जानकारी दे रहे थे। इसके बावजूद भी कुछ अभ्यर्थी भटकते दिखाई दिए और इधर-उधर परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी पाते देखे गए। परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व सीसीटीवी कैमरों, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था कर गई थी। जनपद में आयोजित पीईटी परीक्षा 2025 पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की गई। परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके, इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये थे। इसी तरह पुलिस ने सभी वाहन चालकों ऑटो, रिक्शा आदि को परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए निर्देशित कर रखा था। परीक्षा के बाद व पूर्व महानगर में जाम की स्थिति रही तथा परीक्षा केंद्रों के पास भारी भीड़ रही।

# सीएम योगी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तेज हुई प्रशासनिक तैयारियां



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 सितंबर को प्रस्तावित सहारनपुर आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री सोमवार को अम्बाला रोड से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए खाद्य सामग्री व अन्य सामान के वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शनिवार को पुलिस उप महा. निरीक्षक (डीआईजी) अभिषेक सिंह ने मंडलायुक्त सहारनपुर मंडल, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित जिले के अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, जनसुविधाओं और कार्यक्रम से जुड़ी अन्य तैयारियों का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अभद्र पोस्ट को लेकर भाजपा नेता पर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के विरुद्ध आपत्ति जनक शब्दों का प्रयोग करते हुए फेसबुक पर पोस्ट करने को लेकर भाकियू पदाधिकारियों ने भाजपा नेता मनोज माहेश्वरी पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए तहरीर थाना फतेहपुर में दी है।

रविवार को भाजपा के स्थानीय नेता मनोज माहेश्वरी ने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का फोटो पोस्ट करते हुए उसमें अत्यंत ही असामाजिक शब्दों का प्रयोग किया था। यह पोस्ट जब भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने पढी तो उनमें रोष उत्पन्न हो गया। इसकी सूचना जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी को भी दी गई। उनके निर्देश पर भाकियू के मंडल महासचिव राजव. ीर सिंह,तहसील महासचिव मनोज कुमार, नगर अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, जिला सचिव केहर सिंह, संरक्षक वीरेंद्र सिंह व नगर महासचिव सुमित कंबोज आदि ने मनोज माहेश्वरी के खिलाफ एक तहरीर थाना फतेहपुर में एस एस आई भूपेंद्र शर्मा को दी।भाकियू जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी ने बताया कि जिस तरह की भाषा मनोज माहेश्वरी द्वारा प्रयोग की गई है उसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा। इस संबंध में फतेहपुर पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।उधर मनोज माहेश्वरी का कहना है कि उन्होंने यह पोस्ट नहीं की है। किसी ने उन्हें टैग किया था अब उन्होंने यह टैग हटा दिया है।

# जनता को भ्रमित कर रही भाजपा सरकार: वाहिद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि भाजपा का वोट चोरी का मामला पूरी तरह जग जाहिर हो चुका है और अब वह दुष्प्रचार कर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है ऐसे में हमें जनता को जागरुक कर 2027 के विधानसभा चुनाव में वोट की चोट भाजपा को सबक सिखाना होगा और प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी होगी।

जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का कार्य करना होगा क्योंकि चुनाव में जीत का आधार बूथ होता है, इसलिए हमें बूथ को अधिक मजबूत बनाना होगा। जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष किरण पाल राणा ने कहा कि संगठन मजबूती के साथ प्रचंड बहुमत प्राप्त करने के लिए हमें कार्य योजना के साथ काम करना होगा। प्रदेश सचिव रूही अंजुम एवं जिला उपाध्यक्ष सुरेश गुर्जर ने कहा कि भाजपा का वोट चोरी का मामला पूरी तरह जनता के सामने आ चुका है। जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर ने कहा कि आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीम हो अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कमर कस कार्य करना होगा। बैठक को चौधरी पदम सिंह जिला उपाध्यक्ष मोहसिन मलिक अजय पुंडीर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उसामा गाडा बेहट विधानसभा अध्यक्ष रागिब अली रामपुर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार घटडा महानगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महजबी खान अरविंद राणा हसीन कुरैशी वीरेंद्र यादव एडवोकेट राम आशीष यादव इस्लाम अल्वी सचिन गुर्जर फुरकान त्यागी महेंद्र राकेश सतीश कुमार इमरान मलिक जिंदा आदि ने संबोधित किया

बैठक में दिनेश प्रधान मिनेश प्रधान फौजी रामपाल फिरोज अहमद जिंदी गुर्जर जीनत वकील बेगम सतीश कुमार चौधरी मुबारक महेंद्र सोनू नावेद राणा चौधरी असलम अरविंद राणा फरजाना शबाना परमजीत कौर वेदपाल पटनी आदि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे

## मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** गांव सलीरी निवासी पीड़ित महिला ने गांव के ही तीन युवकों पर देर रात के समय उसके घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित महिला उसाना ने बताया है कि शनिवार की देर रात लगभग साढ़े आठ बजे उसका पति दिलशाद नमाज पढ़ने मस्जिद में चला गया, जिसका फायदा उठाते हुए गांव के ही तीन विपक्षी युवक गलत घटना को अंजाम देने की नियत से दीवार फांदकर उसके घर में घुस आये, जिनकी आवाज सुनकर पीड़िता ने शोर मचाया तो उक्त तीनों युवकों ने उसे जान से मारने की नियत से पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। तीनों युवकों द्वारा मारे पीटे जाने पर पीड़िता दर्द के मारे चिखने चिल्लाने लगी तो चीख पुकार सुनकर नमाज पढ़कर वापस लौट रहे ग्रामीण एकत्र हो गए जिन्हें देखकर आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे गये।

# शिक्षा में निजी स्कूलों की भूमिका अहम: चौ. विरेन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** पूर्व मंत्री चौ.विरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों की अहम भूमिका है।

चौ.विरेंद्र सिंह ने यह बात चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज के सभागार में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस सप्ताह समारोह में कही। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका है यह बात सही है की निजी क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है और मजबूर होकर सरकार को सरकारी स्कूल मर्ज करने पर मजबूर हो रही है यह निजी स्कूलों की कर्तव्य निष्ठा और कार्यशैली एवं कड़ी मेहनत का परिणाम है। शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मालिक ने कहा कि सरकार हमें शिक्षक ही नही मानती जबकि 95 प्रतिशत शिक्षा देने का काम निजी स्कूल संचालकों के शिक्षक कर रहे हैं निजी स्कूलों के शिक्षकों को आने वाले विधान परिषद चुनाव में जो यू डाईस पोर्टल पर चढ़े हुए उन्हें वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष रविंद्र मलिक, महासचिव विजय कुमार, समाजसेवी विष्णु प्रकाश अग्रवाल, महामंत्री विजय कुमार एवं शहजाद सैफई, डॉ विक्रांत चावला, डॉक्टर कुलदीप मलिक, ब्लॉक प्रमुख विना. द मलिक, प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमारी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सफाकत राव, विजय पाल, शहजाद सैफी, विकास, विपिन कुमार, रिजवान, अजय धीमान, संजीव कुमार, रिजवान, ईश्वर चंद फौजी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक मान्यता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी और वही वहां लूटी।



## पेड़ काटने गए मजदूर के साथ मारपीट, दी तहरीर

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली क्षेत्र के अंबेहटा जंगल में पेड़ काटने गए मजदूर कर्म सिंह पुत्र फुल सिंह, निवासी मोहल्ला नया बास, के साथ दूसरे पक्ष द्वारा गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित कर्म सिंह ने पुलिस चौकी में नामजद तहरीर देकर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, कर्म सिंह अंबेहटा जंगल में पेड़ काटने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति ने मुझे से विवाद शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। पीड़ित ने बताया कि व्यक्ती ने उनके साथ बदसलूकी की और शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाया।

# हर्षोल्लास से मनाया माता व अध्यापक दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सेक्रेट हार्ट चर्च में माता दिवस और अध्यापक दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

फादर जॉन चिमन और फादर सेंट टियागो द्वारा प्रार्थना सभा को संबोधित किया गया। फादर जॉन चिमन ने कहा अध्यापक हमारे देश की भविष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर बहुत अच्छी बात कही। शिक्षक अपने को नौकरशाह और नेताओं से अपनी तुलना ना करें और करनी भी नहीं चाहिए। आपकी अपनी एक श्रेणी है और आपका एक अपना व्यक्तित्व है। मुख्यमंत्री की यह बात सुनकर शिक्षक अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे हैं। अध्यापक अनुपम फ्रांसिस ने कहा कि हमारा ईसाई समाज बहुत छोटा सा है लेकिन ज्यादा इसमें अध्यापक व अध्यापिकाएं अपना योगदान दे रहे हैं। हमारे ईसाई समाज शहर में यहां पर तीन स्कूल है जो की अपना एक महत्व रखते हैं दोनों पुरोहि. हतों द्वारा माता को रोजरी और अध्यापिकाओं और अध्यापक को कलम दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य शीला सोलंकी, ईवा, शालिनी, सुनीता, रेशु, लुईजा, विशाल, एडना, सिसली, प्रिंसी, वेरोनिका, बेकन, नैना मसीह, मधु आदि मौजूद रहे



## वारन्टी पकड़ा

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व उपनिरीक्षक सुबोध कुमार शर्मा के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक वारंटी आरोपी मिन्टू उर्फ पिन्टू पुत्र कुंवरपाल निवासी हलालपुर थाना कोतवाली देहात को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दबोचा गया आरोपी वांद संख्या-154/17 धारा-147, 148, 149,332, 341/359/35 /307 भादवि में वांछित चल रहा था। पकड़े गए आरा. पी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# संत समनदान के आदर्श अपनाएं: विजयपाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि परम पूज्य संत समनदास जी महाराज की शिक्षाओं और उनके आदर्शों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए।

क्षेत्र के गाँव धारकी स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम में परम पूज्य संत महाराज समनदास जी के जन्मदिन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने किया।कार्यक्रम में मौजूद संतों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी व समनद. ास जी की शिक्षाओं के बारे में बताया।बुराइयों से दूर रहने और सदमार्ग पर चलने का आवाहन किया।संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि महान संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने मनुष्य जीवन का अर्थ व उद्देश्य बताया और मन को गंगा की तरह स्वच्छ निर्मल रखने की शिक्षा दी।समनदास महाराज ने उस परम्परा को आगे बढ़ाया और समाज के लोगों को जागरूक किया। विजयपाल सिंह ने कहा हम सभी महान संतों की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा। तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। इस दौरान योगी ओमवीर सिंह,पार्षद सुलेख चंद रोहित प्रधान, शिवकुमार पूर्व प्रधान, महेंद्र दास सहित ग्राम पिलखनी व पहांसू के भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# देश के कलाकार हमारी विरासत: गुम्बर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित संभागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन वैष्णवी नृत्यालय में किया गया। जिसमें कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और नोएडा से कलाकारों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर विधायक राजीव गुंबर ,पार्षद ज्योति प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना रंजना नैब लखनऊ संगीत नाटक अकादमी से पधारे डॉ पवन कुमार आगरा से आए डॉक्टर शिव शंभू और प्रयागराज से आए जलज श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि कलाकार हमारी विरासत है। कार्यक्रम में कथक नृत्य की प्रस्तुति शास्त्रीय सुगम संगीत की प्रस्तुति और इसके साथ-साथ इसराज, सरोद, संतूर, सितार और तबला की प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही।

निर्णायक मंडल में आगरा से आए डॉक्टर शिव शंभू और ऑल इंडिया रेडियो के ए ग्रेड आर्टिस्ट जलज श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में वंश खेत्रपाल, अतुल नैब, प्रिंसी प्रजेश ने आय सभी मेहमानों का पुष्प गुच्छ भेट करके स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागी शास्त्रीय नृत्य कथक बाल वर्ग में प्रथम जया महाजन, द्वितीय आरोही ग्रोवर, तृतीया छवी सरकार,किशोर वर्ग में प्रथम श्वेता पांडे, द्वितीय इशिता शर्मा, तृतीया हिमांशी खरबंदा, वंशिका ,युवा वर्ग में प्रथम वंदिता, शास्त्रीय गायन ध्रुपद धमार युवा वर्ग में कुश कुमार ,खयाल तराना बाल वर्ग में द्वितीय अवंतिका विश्वकर्मा,किशोर वर्ग में प्रथम विशेष मिश्रा, द्वितीय शुभ सैनी, तृतीया अपूर्व शर्मा, युवा वर्ग में द्वितीय विक्रांत राठौर, तृतीया हिमांशु कुमार, गज वाद्य बाल वर्ग में द्वितीय शुभ (इसराज), तृतीया अमान्य चौधरी,अवनध वाद्य किशोर वर्ग में नीलेश कुमार, तंत्र वाद्य बाल वर्ग में प्रथम रुद्र मोंगा, द्वितीय पुर्वी सिंह, तृतीया आंशिक सिंघल, युवा वर्ग में निकिता सिंह, सुगम संगीत किशोर वर्ग में प्रथम यशश्री शर्मा, युवा वर्ग में द्वितीय अजय पाल। लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्यस्तर प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। अंत में वैष्णवी रंजना नैब ने सभी कलाकारों और अतिथियों का धन्यवाद किया।

# महाराजा अग्रसैन जयंती निमंत्रण पत्र का विमोचन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में महाराजा अग्रसैन जयंती कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श करने के साथ ही निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया।

अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित बैठक में सुनील गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। जिसमें भजन संध्या, मैराथन दौड़, जादूगर व दोपहर में महिलाओं के कार्यक्रम शामिल है। इस बार महिलाओं में काफी उत्साह है और सभी ने जयंती के उपलक्ष में अपने विचार रखें। अध्यक्षता महावीर प्रसाद ने की।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गर्ग, दीपक गुप्ता, राम जी सिंगल, पवन गोयल, विपिन गुप्ता, राजीव गुप्ता, कुसुम अग्रवाल, शुभम गोयल, बृजेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, शिवकुमार, सुरेंद्र अग्रवाल, अमित सिंगल, डीके बंसल, पवन गोयल, हितेश गर्ग, एके मित्तल, संगीता गोयल, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, राजीव गोयल, सुरेश अग्रवाल, प्रेमचंद गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, अमित गुप्ता, अनिल अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, नरेश गोयल, सचिन गर्ग ,वैभव गुप्ता, संजय सिंघल, सुनील गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव सम्पन्न

**गंगोह।** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ नगर में गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसके साथ ही चल रहे गणेश उत्सव का समापन हो गया है।

अलग-अलग स्थानों पर गणेश विसर्जन को लेकर उत्सव का माहौल रहा। बरसात के बावजूद लोगों की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई। नगर के मोहल्ला कानून गोयान में तीसरे पहर अजय गुप्ता के आवास से ढ़ोल ढ़माकों के साथ गणेश प्रतिमाओं को सिर पर उठा कर श्रद्धालु झूमते गाते नगर के विभिन्न रास्तों से लेकर निकले। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। श्रद्धालु रास्ते में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ का जयघोष करते चल रहे थे। महिलाओं ने भी इस अवसर पर जमकर नृत्य किया। इससे पूर्व गणेश जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

# मंदिर के लिए समिति का गठन



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कांजीमल स्थित खेड़ा मन्दिर, माँ शाकुंभरी देवी मंदिर, जाहरवीर गोगा मन्दिर, गोरक्षनाथ मन्दिर व निर्माणाधीन शिव परिवार मन्दिर के लिए समिति का गठन किया गया।

रविवार को आयोजित सर्वसमाज की बैठक में सर्वसम्मति के चलते प्रधान पद पर अमित कुमार सैनी व मांगेराम सैनी को संयुक्त रूप से चुना गया। वहीं सचिव पद पर कन्हैया सैनी, कुलदीप तोमर व शिवकुमार को मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष के लिए दीपक सैनी, विकास पाल और अजय कुमार को चुना गया। वहीं सदस्य के रूप में संजय सैनी, मंदीप सैनी, अजय, अमन सैनी, राहुल कौरी, मोहन लाल सैनी, सोनू प्रजापत व सुरेश चौहान का चयन किया गया।संरक्षक हरि सिंह, मानू व अमरीश त्यागी को बनाया गया। इस अवसर पर प्रकाश सैनी, शेर सिंह सैनी, शिवकुमार, महेंद्र, अंकुश, ईसम, राजू, अजय आदि सहित भारी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# उप राष्ट्रपति का चुनाव

9 सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। जहां भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है और दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इसी चुनाव को लेकर किया गया है। यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है यह देखकर ही पता चलता है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पिछली सीट पर बैठे दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ उप राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, वहीं सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक बुलाए जाने की बात भी कही।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को जहां संसद भवन एनेक्सी में रात्रि भोजन का आयोजन करने की बात कही, वहीं सभी से गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना वोट करने के लिए कहा। हालांकि अब तक उप राष्ट्रपति चुनाव में गैर गठबंधन की बात करें तो एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन सुदर्शन रेड्डी को दिया है। वहीं रात्रि भोज के जरिये खड़गे इंडिया गठबंधन से इतर दलों से भी समर्थन की अपील कर सकते हैं। बीजू जनता में अभी भी मंथन जारी है। भोज तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी देना था, लेकिन वह पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड में आई बाढ़ को लेकर रद्द कर दिया। ठीक उसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को भोज देना था, उन्होंने भी रद्द कर दिया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय उप राष्ट्रपति का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ दिखाई दे रहा है। बेशक संख्याबल अभी सत्तापक्ष के पक्ष में ही दिखाई दे रहा है, लेकिन जिस तरह के इस समय राजनीतिक हालात हैं, कोई भी जरा सा जोखिम लेने को तैयार नहीं है और दोनों ही पक्षों को क्रॉसिंग वोट का डर सताता दिखाई दे रहा है। विपक्ष की सफलता का दारोमदार भी क्रॉसिंग वोट पर ही टिका हुआ है। जैसेकि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा भी कि उप राष्ट्रपति पद का चुनाव किसी चुनाव चिन्ह पर नहीं होता, यह अंतरात्मा का चुनाव है और उन्हें उम्मीद है कि लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे। जिस तरह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दिया था, उससे भी यह चुनाव और रौचक हो गया है।

राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा के दौरान जिस तरह का बिहार में जन समर्थन जुटाया, उससे भी सत्ता पक्ष खेमे में सुगबुगाहट है और इंडिया गठबंधन के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ इस चुनाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तरफ से कोई कमी छोड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि राजनीति में कभी भी समय एकजैसा नहीं रहता, चीजें नाटकीय तरीके से बदल जाती हैं। भाजपा भले ही नंबर के गेम में अभी भी आगे है, लेकिन वह आश्वस्त नहीं हो सकती, क्योंकि वह अल्पमत सरकार की अगुवाई कर रही है। देखना है कि उप राष्ट्रपति का ताज किसके सिर पर सजता है।

## नई चुनौतियां चिंता का विषय



ट्रम्प टैरिफ के आतंक से उभरी नई चुनौतियां चिंता का विषय हैं, इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है, ऐसा करना जरूरी है, वरना देश के विशाल बहु. जनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, इससे बचना बहुत जरूरी है, विरोधी दल अंदर खाने मिलकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं, बसपा सरकारों में सर्वसमाज को विकास मिला था, जिसे अब रोकने का प्रयास हो रहा है।

**सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर





**विनीत नारायण**

भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण होने वाली तबाही ने न केवल जन-धन की हानि की है, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया है।

भारत में मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है और इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में, उत्तराखंड के उत्तरक. ाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गईं और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं को रोकने और उनके प्रभाव को कम करने में क्यों असफल हो रहा है?

बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालई क्षेत्रों में आम हैं। ए घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं अधिक बार और अधिक विनाशकारी हो रही हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी कल्प्रिट हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने हुए डीपीआर बना देते हैं जिससे ऐसे हादसे होते हैं। यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है।

डीपीआर, जो किसी भी योजना का बुनियादी ढांचा व आधार होती है, में अगर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसी हादसों व त्रासदियों के रूप में सामने आता है।इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय भूगर्भीय और पर्यावरणीय कारकों को नजरअंदाज करना आम बात हो गई है। गडकरी का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि कई परियोजनाओं के लिए डीपीआर बिना स्थानीय भूगोल और जलवायु की गहन जांच के तैयार की जाती हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां भूस्खलन और बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है, सड़क निर्माण के लिए अक्सर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जाता है, जिससे ढलान अस्थिर हो जाते हैं। यह न केवल भूस्खलन को बढ़ावा देता है, बल्कि नदियों में मलबे का प्रवाह भी बढ़ाता है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भारत में बाढ़ और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने में सरकारी तंत्र की विफलता कई स्तरों पर दिखाई देती है। सबसे पहले तो हमारी आपदा प्रबंधन की तैयारी ही अपर्याप्त है। उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी, जिसमें 6,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 2021 की चमोली आपदा, जिसमें 200 से अधिक लोग हिमस्खलन और बाढ़ की चपेट में आए। इन हाद. सों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार को पहले से चेतावनी और तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं बल्कि राहत और बचाव कार्यों में देरी और अव्यवस्था भी दिखाई देती है।

दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी एक बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां 2024 में 108 मिमी बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन वास्तव में, स्थानीय लोगों की सलाह को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज मिलकर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे कि बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रो. कना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा। भारत में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। नितिन गडकरी का बयान इस दिशा में एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। सरकारी तंत्र की नाकामी, चाहे वह जलभराव को नियंत्रित करने में हो या आपदा प्रबंधन में, ने आम लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब प्रलयः दुनिया के मददगारों आज मदद की दरकार

**ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गई है। आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिए खड़ा है।**



**तनवीर जाफरी**

भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिए पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग, शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ्त भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्सेक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुकसान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गाएं भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गई हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिए इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी।

गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है। बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल, करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की हैं या पीड़ितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम, नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना



**योगेश कुमार गोयल**

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।

निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर



लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिए तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्एक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिए टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड, 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन से वाशिंगटन तक सड़कों पर प्रदर्शन

**लंदन/वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। लाल बैनर पर अंग्रेज़ी और स्पैनिश में लिखा था कि डीसी पर कब्जा खत्म करो। इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे।

### एक सप्ताह में 107037 शरणार्थी अफगानिस्तान लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में कुल 107037 अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वतन लौटने वाले सभी नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और उनके संबंधित गृहनगरों तक मुफ्त परिवहन सहित आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त शरणार्थियों को परिवार से मिलाने के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकद सहायता प्रदान की गई है।

### चीन के हैनान प्रांत में तापा तूफान के कारण स्तर-4 की चेतावनी

**हाइकू।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में उष्णकटिबंधीय अवसाद के कारण स्तर-4 के तापा तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस साल का यह 16वां तूफान है। हैनान प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे तापा का केंद्र दक्षिण चीन सागर के ऊपर दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत से लगभग 445 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके केंद्र के पास अधिकतम 23 मीटर प्रति सेकंड की गति से हवाएं चल रही थीं।

### घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**अकरा।** दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) ने यह जानकारी दी। जीएनएफएस के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

---

**कनाडा ने कबूला...**

# देश में खालिस्तानी आतंकी संगठन सक्रिय

## फंडिंग भी जुटाने में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख यूथ फेडरेशन का नाम शामिल




■ ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं
■ खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने कबूल कर लिया है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन देश की जमीन पर सक्रिय हैं।

इन्हें कनाडा में फंडिंग भी मिल रही है। इनका मकसद हिंसा के जरिए नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना या मौजूदा सिस्टम में बदलाव करना है। हाल ही में कनाडा की सरकार ने असेसमेंट आफ मनी लान्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा 2025 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा से फंड प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं। इन खालिस्तानी संगठनों को राजनीतिक मकसद से हिंसा फैलाने वाले चरमपंथी समूह (पीएमवीएम) नाम की कैटेगरी में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों के पास मजबूत नेटवर्क है और ये कई तरीकों से पैसा जुटाते हैं। इनमें बैंकिंग और मनी सर्विस सेक्टर का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, कुछ देशों से डायरेक्ट फंडिंग, चैरिटी और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। कनाडाई एजेंसियों ने खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया है। हालांकि पहले के मुकाबले अब खालिस्तानी नेटवर्क छोटे स्तर पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 1980 के दशक से कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हिंसा का सहारा लेकर पंजाब में अलग देश बनाने की कोशिश करते रहे हैं। भारत और कनाडा के रिश्तों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। भारत कई बार यह चिंता जता चुका है कि कनाडा की जमीन का इस्तेमाल खालिस्तानी समूह भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और फंडिंग जुटाने के लिए कर रहे हैं। भारत का कहना है कि कनाडा सरकार इन चरमपंथी गतिविधियों पर कड़ा कदम नहीं उठा रही।



नई दिल्ली। शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते लोग।

# नाइजीरिया में बोको हरम का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**बामा।** डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर क्लेयर स्मार्ट ने कहा कि आज डयूटी करते समय हमारे अफसरों को मुक्के मारे गए, लातें मारी गईं, थूका गया और उन पर चीजें फेंकी गईं। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, आयोजक डिफेंड आवर ज्यूरीज ने पुलिस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हिंसा की शुरुआत पुलिस ने की और प्रदर्शनकारियों को हिंसक बताना 'हास्यास्पद' है। इससे पहले हुए प्रदर्शनों में 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 138 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत मुकदमा चलाया गया है। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा कि हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

# एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ा: नेतन्याहू

■ कल आसमान से पर्चे गिरवाए थे, शहर खाली करने का फरमान

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजरायली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फलस्तीनी मौजूद हैं। गाजा सिटी में इजरायली सेना ने हेलिकाप्टर से पर्चे गिराए। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और काम्बैट जोन घोषित किया है। सेना अब शहर के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही है। इसके चलते उसने लोगों को उनसे दक्षिणी गाजा के मानवीय शिविरों में जाने की हिदायत दी है। इजरायल ने कहा है कि मानवीय क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, खाना-पानी और टेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। आईडीएफ का दावा है कि लोग सुरक्षित रास्ते से गाड़ियों में जा सकते हैं। हालांकि, यूएन और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजरायल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए

## अमेरिका में नियुक्तियां ठप, टैरिफ लागू होने से मुद्रास्फीति बढ़ना जारी, रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका



**संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल संभाले अभी सात माह ही हुए हैं और इस दौरान महाशक्ति का रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका है। इसका बड़ा कारण उनके टैरिफ लागू होने के साथ भर्तियों का ठप होना और मुद्रा स्फीति का एक बार फिर बढ़ना है। ताजा रोजगार रिपोर्ट बताती है कि नियोक्ताओं ने अगस्त में सिर्फ 22000 नौकरियां ही जोड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई।

कारखानों व निर्माण कंपनियों ने श्रमिकों की छंटनी की है। संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं। नए आंकड़ों ने ट्रम्प द्वारा वादा की गई तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अब तक उनके द्वारा हासिल की गई कमजोर वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ताजा बयान में देशभर में नए कारखाने खुलने तक रोजगार की प्रतीक्षा करने का आश्वासन देते हुए कहा, आप इस देश में ऐसी चीजें होते देखेंगे जिनकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन धैर्य रखने की ये अपील अमेरिकियों को ज्यादा राहत नहीं दे पाई। सीनेट के अल्पसंख्यक और डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ और मनमानी नीतियां अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं और ताजा रोजगार रिपोर्ट ने इसे साबित कर दिया है। राष्ट्रपति बनने से पहले चुनाव प्रचार के दौरान 2024 में ट्रम्प ने सुझाव दिया था कि देश में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को निर्वासित करने से अश्वेत नौकरियों की रक्षा होगी, लेकिन यह दर बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है।

## 'X' पर ट्रम्प के करीबी नवारों ने मुंह की खाई

**एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और भ्रामक करार दे दिया, फैक्ट-चेक से भड़के पीटर नवारो**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वरिष्ठ व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर हमला बोला, लेकिन इस बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और इसे भ्रामक करार दे दिया।

इसके बाद भड़के नवारो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर ही निशाना साधा है। पीटर नवारो ने अपने पोस्ट में दावा किया कि भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है और यह पैसा रूस की युद्ध मशीन को चला रहा है। उन्होंने लिखा कि तथ्य- भारत के ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत सिर्फ मुनाफे के लिए रूसी तेल खरीदता है। इस राजस्व से रूस को युद्ध में ताकत मिलती है। यूक्रेनियन और रूसी मर रहे हैं और अमेरिकी टैक्सपेयर ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। भारत सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकता और झूठ फैलाता है। नवारो ने यह भी आरोप लगाया कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क (टैरिफ) के कारण अमेरिकी उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। पीटर नवारो की इस पोस्ट के नीचे एक्स ने फैक्ट-चेक जोड़ते हुए लिखा कि भारत का रूसी तेल खरीदना पूरी तरह कानूनी है और यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए है। एक्स के फैक्ट-चेक में कहा गया कि भारत के रूसी तेल आयात अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करते। हालांकि भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका को भारत से सेवाओं में व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। अमेरिका खुद रूस से कुछ वस्तुएं, जैसे यूरेनियम, अब भी आयात कर रहा है। ऐसे में भारत की आलोचना करना दोहरे मापदंड को दिखाता है। एक्स के इस नोट में सीधे तौर पर नवारो के दावों को 'पाखंडी' करार दिया गया है।

# जेलेंस्की ने पुतिन को दिखाया ठेंगा

## जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को खारिज किया, मास्को बैठक में शामिल होने से किया इन्कार



■ मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं: जेलेंस्की

**कीव।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद उम्मीद बंधी थी कि रूस-यूक्रेन के बीच जल्द युद्धविराम हो सकता है, लेकिन अब यह उम्मीद धूमिल होती नजर आ रही है।

दरअसल अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को मास्को में बैठक करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब यूक्रेनी राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने मास्को के बजाय कीव में बैठक की मांग की है। एक अमेरिकी मीडिया चैनल से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं। पुतिन कीव आ सकते हैं। अलास्का बैठक के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की के बीच आमने-सामने बैठक कराने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में पुतिन ने कहा था कि वह जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बैठक मास्को में होनी चाहिए। शुक्रवार को, रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने स्पष्ट किया कि जेलेंस्की को रूसी राजधानी मास्को में आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं बल्कि बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रूस ने सितंबर के पहले पांच दिनों में यूक्रेन पर 1300 से ज्यादा ड्रोन, लगभग 900 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 50 मिसाइलें दागीं हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले देश के 14 क्षेत्रों में हुए। यूक्रेनी नेता ने कहा कि रूस युद्ध को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहा है और कूटनीति को एक तमाशा बनाने की कोशिश कर रहा है।

# जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस आफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं।

# रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

■ रूस के मिसाइल हमले के बाद कैबिनेट भवन से धुआं उठता देखा गया, दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था।

रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए। इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव डूबने से पांच लोगों की मौत

■ बाढ़ पीड़ितों को नहीं दी गई थी लाइफ सेफ्टी जैकेट

**इस्लामाबाद।** भारत के पंजाब के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब में भी बाढ़ का कहर बरकरार है। बाढ़ के कारण गांव के गांव पानी में डूब गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बचाव दल पूरी ताकत के से अभियान चला रहा है, लेकिन हताहतें बढ़ती जा रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डायरेक्टर इरफान अली काठिया ने मीडिया को जानकारी दी कि पानी के तेज बहाव की वजह से जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने लाइफ सेफ्टी जैकेट नहीं पहनी थी। इरफान ने बताया कि पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25 हजार से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

